www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–88 । सागर, शनिवार 17 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर पृष्ठ 3
किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए
अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा पृष्ठ 4
पिकअप चालक को पीटा, 40 हजार और गाड़ी छीनी पृष्ठ 5
फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने वाले 40 शिक्षकों पर होगी एफआईआर पृष्ठ 7

खुफिया जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान शुरू

# सेना और पुलिस ने 6 आतंकियों को किया ढेर

### सुरक्षाबल बोले- पाताल से भी ढूंढ कर मारेंगे

**जम्मू, देशबन्धु।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद कई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के कारण पिछले 48 घंटों में शोपियां और पुलवामा जिलों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने अवंतीपोरा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी आतंकी हमले के बाद, ऐसे अभियान महत्वपूर्ण होते हैं और पहलगाम की घटना ने पूरे दक्षिण कश्मीर में गहन तलाशी और खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये आपरेशन तुरंत शुरू किए गए और विश्वसनीय इनपुट पर आधारित थे। सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग और त्वरित अनुवर्ती



कार्रवाई ने सुनिश्चित किया कि शामिल आतंकवादियों को तेजी से ट्रैक किया गया और उन्हें बेअसर कर दिया गया। इस अवसर पर सेना के विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी ने कहा कि आतंकवादी चाहे जहां भी छिपने की कोशिश करें, चाहे ऊपरी जंगली इलाकों में या नागरिक आवासीय इलाकों में, उन्हें ट्रैक किया जाएगा और खत्म किया जाएगा।

इंदौर में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, बोले-

# सेना ने साहस और पराक्रम से दुश्मनों को करारा जवाब दिया

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब नए दौर का शक्तिशाली भारत दिखाई दे रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से हमारी तीनों सेना ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और वीरता से दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। भारतीय सेना ने दुश्मन को अल्प समय में ऐतिहासिक जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया ने हमारी ताकत, एकजुटता और अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग देखा है। आतंकवादियों के मंसूबों को भी नाकाम किया गया है। कोई भी ताकत अब भारत को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। हम सब सेना को सम्मान देने के लिए इस यात्रा में एकत्रित हुए हैं। लगातार तिरंगा यात्राओं से सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। यह यात्रा जिला से लेकर पंचायत स्तर तक लगातार जारी रहेगी। उन्होंने इंदौर की तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बताया। डॉ. यादव



शुक्रवार को इंदौर में अपने शौर्य और पराक्रम से वीरता की अप्रतिम गाथा रचने वाले भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में अपार जोश और उल्लास के साथ निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

इन्दौर में तिरंगा यात्रा बड़ा गणपति से प्रारंभ हुई और गोराकुण्ड, खजूरी बाजार होते हुए ऐतिहासिक महत्व के राजबाड़ा पर संपन्न हुई। यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विशेष रथ में सवार थे। उन्होंने हर तरफ हाथ हिलाकर नागरिकों का अभिवादन किया। यात्रा से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया और पूरा आसमान भारत माता की जय और वंदे-मातरम् के उदघोष से गुंजायमान रहा। यात्रा में बच्चों से लेकर वृद्धों तक हर आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी रही।

## सार-समाचार

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में शुक्रवार को यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'इस्कॉन बेंगलुरु' के पक्ष में सुनाया फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच दशकों से चले आ रहे विवाद में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बेंगलुरु का हरेकृष्ण हिल मंदिर इस्कॉन बेंगलुरु के अधीन रहेगा और इस्कॉन मुंबई का इस पर कोई अधिकार नहीं होगा। इस फैसले के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस निर्णय को भी पलट दिया, जिसमें बेंगलुरु मंदिर को इस्कॉन मुंबई के स्वामित्व में माना गया था।

### ट्रक व डीसीएम की टक्कर में 3 की मौत

**बुलंदशहर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा देखने को मिला। यहां तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र के रौंडा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि डीसीएम सवार लोग पंजाब में भट्टे से मजदूरी करके अपने घर शाहजहांपुर जा रहे थे। तभी डीसीएम की तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि डीसीएम में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 36 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दिल्ली एनसीआर में अचानक बदला मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार शाम अचानक मौसम बदल गया। यहां धूल भरी आंधी बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। मई के महीने में भीषण गर्मी के चलते दिल्ली एनसीआर के सभी इलाकों में पारा 40 डिग्री के ऊपर था, लेकिन बेमौसम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत दिलाई। मौसम विभाग ने पहले ही शुक्रवार के दिन दिल्ली बारिश होने की संभावना जताई थी। बारिश से दिल्ली की हवा का स्तर भी बेहतर हुआ, जो शुक्रवार सुबह खराब स्तर पर था।

### वायनाड में महिला पर्यटक मौत मामले में 2 गिरफ्तार

**वायनाड, एजेंसी।** केरल के वायनाड मेप्पाडी पुलिस ने महिला पर्यटक की मौत और तीन अन्य के घायल होने के मामले में एक रिसॉर्ट के प्रबंधक और पर्यवेक्षक सहित दो लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर कथित तौर पर पर्यटक सुविधा के प्रबंधन में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने का भी आरोप है। गुरुवार को 900 कंडी में एमराल्ड टेंटग्राम के स्वामित्व वाले 900 वेंचर्स नामक रिसॉर्ट में भारी बारिश के कारण अस्थायी रूप से बनाए गए टेंट के ढह जाने से नीलांबुर के पास अकम्पदम की महिला पर्यटक निश्मा की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

### केरल के पूर्व लोक निर्माण मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर ने 1989 के लोकसभा चुनाव में डाक मतदान में कथित गड़बड़ी को लेकर केरल के पूर्व लोक निर्माण मंत्री जी. सुधाकरन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। केलकर ने कहा कि भारत चुनाव आयोग श्री सुधाकरन के हवाले से मीडिया में आई उन खबरों को गंभीरता से ले रहा है, जिनमें कहा गया है कि डाक मतों के साथ छेड़छाड़ की गई और उनमें हेराफेरी की गई थी। कथित घटना 1989 के अलपुझा निर्वाचन क्षेत्र के लोकसभा चुनाव से संबंधित है, जहां डाक मतदान में कथित तौर पर हेराफेरी की गई थी।

मंत्री शाह को हटाने की मांग को लेकर राजभवन पहुंचे कांग्रेस विधायक, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# राजभवन पर धरना दे रहे विधायकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह के सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस आक्रामक है। पार्टी ने एक बार फिर यह मांग की है कि शाह को मंत्री पद से हटाया जाए। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिला और ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में राज्यपाल से मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की गई है।

इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए और मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार कोर्ट से नहीं चलती सरकार को मुख्यमंत्री चलाते हैं। राज भवन के बाहर धरना दे रहे इन विधायकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कई विधायकों के हाथ-पैर पड़कर पुलिस ने बस में उन्हें बैठाया।

उल्लेखनीय है कि मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उनके इस बयान पर स्वतः संज्ञान लिया था। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने डीजीपी को मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इधर, विपक्ष इस मुद्दे पर मुखर है। वह शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अब 19 को

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी के बाद मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ हाई कोर्ट ने एफआईआर का आदेश दिया था। शाह ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन शीर्ष अदालत अब 19 मई को इस पर सुनवाई करेगी। बताया जाता है कि मंत्री विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा है।

विपक्ष के प्रदर्शन पर बोले मुख्यमंत्री

## कांग्रेस न्यायालय से बढ़कर नहीं, नाटक बंद करे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री विजय शाह को लेकर राजभवन पर कांग्रेस के प्रदर्शन को नाटक बताते हुए कहा है कि मामला न्यायालय के विचाराधीन है, कोर्ट के आदेश पर ही एफआईआर हुई है, इसलिए कांग्रेस नाटक बंद करे वो न्यायालय से बढ़कर नहीं है।

श्री यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, कांग्रेस को भी पता है कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय से बढ़कर तो कोई नहीं है। उन्होंने उमंग सिंघार पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर भी मुकदमा था, क्या कांग्रेस उनका इस्तीफा मांगेगी, न्यायालय का जहां भी अपमान करने का मौका होता है वहां कांग्रेस बाज नहीं आती है।

### हम सदैव न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हैं

डॉ. यादव ने कहा कि हम सदैव न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायालय के हर आदेश का पालन किया है। ट्रिपल तलाक को लेकर भी आए और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद राम मंदिर भी बनवाया, ये हमारी सरकार है, जो न्यायालय आदेश देता है वह हम पालन करते हैं।

## शाह के बाद अब देवड़ा के बयान को लेकर उपजा विवाद



**भोपाल, देशबन्धु।** मंत्री विजय शाह की ओर से भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर उपजा विवाद अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की ओर से आए एक दूसरे बयान ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है।

देवड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे पहलगाम हमले और उसके परिणामस्वरूप हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना के संदर्भ में बात कर रहे हैं। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है।

### मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा

इधर, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने बयान को लेकर कहा है कि कांग्रेस उनके बयान को गलत तरीके से पेश कर रही है। उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह जबलपुर में आयोजित सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। जहां उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की थी। देवड़ा ने बताया कि वहां मैंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने जो अद्वितीय पराक्रम दिखाया है, उसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। देश की जनता भारत की सेना के चरणों में नतमस्तक है। हम उनके पराक्रम को प्रमाणित करते हैं, उन्हें सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके शब्दों को जानबूझकर तोड़मरोड़कर पेश कर रही है। देवड़ा ने यह भी कहा कि इस प्रकार की बयान को गलत तरीके से पेश करने के षड्यंत्र के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

बयान पर वार पलटवार

## कांग्रेस बोली- माफी से काम नहीं चलेगा, बर्खास्तगी हो, भाजपा ने कहा- जैसी नज़र, वैसे ही नजारे, कांग्रेस का यही हाल है

**भोपाल, देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के बयान पर जहां कांग्रेस ने उन्हें निशाने पर लिया है, वहीं भाजपा का कहना है कि श्री देवड़ा को बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया जा रहा है।

देवड़ा के बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि यह सेना के शौर्य और पराक्रम का घोर अपमान है। माफी से काम नहीं चलेगा, मोदी जी को इन्हें बर्खास्त करना होगा। यह घटिया और घिनौनी सोच





है। सुप्रिया श्रीनेत ने दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मांग की कि मोहन सरकार मंत्री विजय शाह और जगदीश देवड़ा दोनों को बर्खास्त करे। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस का आरोप बेबुनियाद है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि जैसी नज़र होती है वैसे ही नजारे हो जाते हैं। यही हाल कांग्रेसियों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न देश की सेना के प्रति सम्मान है न देश के प्रति। इस तरह के भाव और शब्दों को तोड़ मरोड़कर उसे भावार्थ निकालना कांग्रेस करेगी ही। भाजपा नेता ने कहा कि जगदीश देवड़ा जी ने कहा है कि पूरा देश सेना के प्रति नतमस्तक है जिन्होंने पाकिस्तान में जाकर प्रहार किया है। अब कांग्रेसी अपने भाव से इसे तोड़े मरोड़े लेकिन भाजपा का हर कार्यकर्ता और नेता देश की सेना के शौर्य के प्रति नतमस्तक है।

कांग्रेस ने गुजरात समाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की आलोचना की, कहा-

# मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि श्री मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खड़गे ने कहा मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था 'आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है।' गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी जी ने सिद्ध किया है 'आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है।'

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग अलग देशों में भेजने का फैसला

## दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने दी रिपोर्ट

# ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने तथा निश्चित नीति नहीं होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतिगत अनिश्चितता के साथ-साथ बढ़ते व्यापार तनाव ने मौजूदा वर्ष के लिए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को भी काफी कमज़ोर कर दिया है।

'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं-2025' नामक रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च टैरिफ के कारण अमेरिका में प्रभावी टैरिफ दर में काफी वृद्धि की संभावना है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ने, उत्पादन लागत में वृद्धि होने और महत्वपूर्ण निवेश निर्णयों में देरी के साथ-साथ वित्तीय बाजार में अस्थिरता भी बढ़ने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 2025 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर कम होकर 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024 के 2.9 प्रतिशत से कम है। विकास पूर्वानुमानों में कमी विकसित और विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रही हैं। कमजोर वैश्विक व्यापार वृद्धि और निवेश प्रवाह भी अर्थव्यवस्था में मंदी को और बढ़ा रहे हैं। व्यापार पर निर्भर कई विकासशील देशों को कम निर्यात, कम कीमतों, सख्त वित्तीय स्थितियों और बढ़े हुए ऋण बोझ से भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2.4 फीसदी रहने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने कहा, टैरिफ शॉक से कमजोर विकासशील देशों पर बुरा असर पड़ने, विकास धीमा होने, निर्यात राजस्व में कमी आने और ऋण चुनौतियों के बढ़ने का जोखिम है, खासकर तब जब ये अर्थव्यवस्थाएं पहले से ही दीर्घकालिक सतत विकास के लिए आवश्यक निवेश करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।' रिपोर्ट में यह माना गया है कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति कम हो रही है।

# हमें पानी के महत्व को समझना चाहिए : राजेन्द्र शुक्ला

## प्रभारी मंत्री ने तालाब सौंदर्यकरण कार्य का भूमि पूजन व संजीवनी अस्पताल का किया लोकार्पण



**बण्डा, देशबन्धु।** हमें बरसाती पानी को सहेजना है पहले धरती की प्यास बुझाओ पहले जमीन में जल फिर घर-घर नल से जल इसके लिये प्रधानमंत्री ने जनता के बिन मांगे जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध और मीठा पानी पहुंचाया है इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है जिसमें हम सबको पानी की कीमत समझकर उसका संरक्षण करना है ताकि आने वाले समय में पानी की समस्या का सामना न करना पढ़े। उक्त उदगार उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी राजेन्द्र शुक्ला ने जल गंगा संबधन अभियान के तहत बण्डा में तालाब सौंदर्यकरण कार्य का भूमि पूजन करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र सिंह ने बहुत ही भावुकता एवं मार्मिक तरीके से बंडा एवं शाहगढ़ में पानी की कमी के कारण नागरिकों को होने वाली परेशानी को मंत्री के समझ रखते हुये बताया कि पहले 8 करोड़ रुपये अब 10 करोड़ के बाबजूद भी पंद्रह दिन में पानी मिल पा रहा है तब प्रभारी मंत्री ने बात को गंभीरता से लेते हुये उपस्थित एसडीएम को निर्देश दिये कि इतना पैसा आने के बाद भी पानी की समस्या आखिर क्यों बनी है इसकी जांच कर जिला योजना समिति की बैठक में प्रस्तुत करो इसके बाद विधायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में होने वाली परेशानी से अवगत कराने पर एसडीएम को मंच पर बुलाकर आवासीय पट्टे एवं धारणाधिकार के पट्टे देने की कार्यवाही के निर्देश दिये इसके उपरांत वार्ड क्र. 05 में बने मुख्यमंत्री संजीवनी अस्पताल एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया, मंच से विधायक वीरेन्द्र सिंह के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुये कहा कि इन्होंने अपनी सरलता से लेकिन सजगता से चाहे मंत्रियों के निवास पर या कार्यालयों में विधानसभा में प्रश्न लगाकर ध्यानाकर्षण के माध्यम से क्षेत्र की लड़ाई लड़ी है जिसका सारगर्भित परिणाम आपके सामने है। जो करोड़ों के काम हो चुके है और अभी करोड़ों के काम और होने वाले है।

कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय रानी कुशवाहा, श्याम तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज सिंह कुकरेले, मनीष यादव, मुरारीलाल असाटी, शीला ठाकुर, विवेक मिश्रा, जाहरसिंह बमूरा, महेन्द्र भूसा, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, सीएमएचओ ममता तिमोरी, एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, ज्ञानचंद राय, विजयकांत त्रिपाठी नायब तहसीलदार, सीएमओ पदम कुमार जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, नगरवासी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



**बीना, देशबन्धु।** हिंदू संगठनों ने तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, संगठनों ने प्रदेश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों पर चिंता जताई है। ज्ञापन में बताया गया कि भोपाल, उज्जैन, इंदौर, रीवा, सागर समेत कई जिलों में ऐसे मामले सामने आये हैं। कई मामलों में आरोपी का पूरा परिवार शामिल पाया गया है। आरोपी अपना नाम बदलकर अपराध कर रहे हैं। संगठनों ने आरोप लगाया कि आरोपी नाबालिग लड़कियों, युवतियों और विवाहित महिलाओं को प्रेमजाल में फंसा रहे हैं। इसके बाद उनका शारीरिक शोषण और ब्लैकमेल करते हैं। इस वजह से लोग अपनी बेटियों को पढ़ने के लिये बाहर भेजने से डर रहे हैं। हिंदू संगठनों ने इन मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग की है। साथ ही अपराध में शामिल आरोपियों के परिवार के सदस्यों पर भी कार्यवाही की मांग की गई है।

# शिक्षा समाज की उद्धारक की भूमिका निभाता है: डॉ. प्रतिभा तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** भारतीय स्त्रीशक्ति के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद विवि के सभागार में आर्थिक समानता और हमारा समन्वय स्त्री पुरूष के संदर्भ में विषय पर साक्षात्कार विधि के आधार पर संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर संगोष्ठी का औचित्य प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय स्त्री शक्ति सागर की डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि शिक्षा समाज की उद्धारक की भूमिका निभाता है। स्त्री पुरूष समानता अर्थात् समाज में पति-पत्नी दोनो समान रूप से कार्यरत रहते है, स्त्री के प्रति पुरूष को सहानुभूति पूर्ण व्यवहार रखना चाहिये। आर्थिक स्वावलम्बन से मानसिक शान्ति के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्त्री-पुरूष दोनों ही एक दूसरे के पूरक है। दोनो के कार्य क्षेत्र यद्यपि अलग-अलग है तथापि दोनों ही समान रूप से व्यस्त रहते हे। यह हमारी धारणा होनी चाहिये, कोई श्रेष्ठ या निम्न नहीं दोनों समान भूमिका से जीवन निर्वहन कर रहे है। इस अवसर पर साक्षात्कार विधि डॉ. प्रतिभा तिवारी ने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली की शिक्षिका, प्रभा नामदेव और स्वामी विवेकानंद विवि के सहा. कुलसचिव अरविन्द नामदेव से प्रश्नोत्तर से जीवन शैली के प्रश्न पूछे, दोनो ने ही कहा की पूर्व में तो थोडा अटपटा लगता था पर अब समन्वय बना कर हम अपने कार्य पूर्ण करके अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत है नामदेव ने कहा मैं समझता हूं कि पत्नी भी उतनी ही परिश्रम से कार्य कर रही है जितना मैं तो मुझमें भी सहयोग की भावना आ गई है। परिवार सन्तुलन के लिये व्यावसायिक पति-पत्नी अथवा नौकरी आदि के क्षेत्र में जहां भी दोनों की सक्रिय भूमिका है वहां हमें हमारे व्यवहार व्यवसाय सभी में समन्वय अति आवश्यक है। मंच का संचालन अंतिमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## आज होगा 1800 विद्यार्थियों का समागम


**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन नगर में स्थित बीकेपी कॉलेज में बीकेपी रत्नशोध परीक्षा परिणामों की घोषणा एवं विभिन्न स्कूलों की 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर के होनहार छात्र डॉ. शुभम जैन की एमबीबीएस की डिग्री पूर्ण होने पर एवं अवध प्रभा की छात्रा सौम्या जैन के सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं में जिले में प्रथम आने पर सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सिंह बामोरा एवं विशिष्ट अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं समस्त प्राचार्य होगे। इसके अलावा कार्यक्रम में विद्ग्मान कैरियर काउंसलर द्वारा विद्यार्थियों की काउंसलिंग भी की जावेगी। संचालक डॉ. आशीष पटैरिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मालथौन के चारों ओर मप्र एवं उप्र के लगभग 17 स्कूलों के 1800 बच्चें बीकेपी रत्नशोध परीक्षा में शामिल हुये थे। उक्त परीक्षा का आयोजन दिसम्बर माह में किया गया था।

# विशाल कन्या भोज और भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया भोजन



**गौरझामर, देशबन्धु।** विगत निरंतर कई वर्षों से आयोजित हो रहा विशाल कन्या भोज भंडारा इस वर्ष 16 मई शुक्रवार को आयोजित किया, स्थानीय बस स्टैंड श्री देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पर आमजन के पावन सहयोग से प्रति वर्षानुसार इस बार भी विशाल कन्या भोज भंडार आयोजित किया गया है इसमें गौरझामर एवं आसपास के अनेकों ग्रामों से गौरझामर पहुंचकर कन्या भोज भंडारे में शामिल हुई, ऐसे भीषण गर्मी की तपती दोपहर में भी कन्याओं के आने का सिलसिला निरंतर चलता रहा भारी भीड़ भाड़ के चलते कन्या भोज का कार्यक्रम सुचारू रूप से देर रात तक चला। इसमें शक्ति स्वरूपा बाल कन्याओं की भारी भीड़ उमड़ी देखी गई। यह गौरझामर का एक मात्र बड़ा कन्या भोज है। श्रद्धालु इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सहयोग और अन्नदान को विशेष महत्व देते हैं। वैशाख के पुण्यकाल में दान का विशेष महत्व माना जाता है। कन्या भोज भंडारे में आमजन का एवं मंदिर कमेटी का सराहनीय सहयोग रहा।

# दिल्ली से गिरनार तक धर्म पदयात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**बांदरी, देशबन्धु।** विश्व जैन संगठन के संयोजन में सकल जैन समाज के सहयोग से भारतीय तिरंगे और जैन ध्वज के साथ अहिंसा रथ पर विराजमान नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा के साथ जैन समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा धर्म पद यात्रा निकली जा रही है। दिल्ली से 23 मार्च को शुरू हुई 101 दिवसीय 1500 किमी लंबी पद यात्रा का 15 मई को देर रात में बांदरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर विश्व जैन संगठन द्वारा आयोजित इस यात्रा का बांदरी जैन समाज ने भारी उत्साह और भव्यता के साथ स्वागत किया। यात्रा में चल रहे रथ में विराजित भगवान नेमिनाथ स्वामी की जगह-जगह श्रद्धा पूर्वक आरती उतारी गई। इसके बाद पदयात्रा नगर में विश्राम हुआ यात्रा 22 वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक के अवसर पर 2 जुलाई को मोक्षस्थल गिरनार पहुंचेगी, विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने जैन तीर्थों की रक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नेमि गिरनार यात्रा नगर व गांव होते हुये दो जुलाई को भगवान नेमिनाथ के मोक्षकल्याणक गिरनार तीर्थ पर पहुंचेगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली पर निर्वाण लाडू समर्पित करेंगे। उन्होंने केंद्र एवं गुजरात सरकार को आगाह करते हुये गिरनार तीर्थ की सुरक्षा की मांग की। समाज से आग्रह किया वे गिरनार पहुंचकर सामाजिक एकता का परिचय दें। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सद्भावना, अहिंसा और शाकाहार का संदेश देना है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना है। जैन समाज को आपस में जोड़ना है, गिरनार तीर्थ क्षेत्र से जोड़ना है जियो और जीनों दो का जैन धर्म मूल सिद्धांत का संदेश का प्रचार प्रसार करना है।

# दूषित जल सप्लाई को लेकर वार्ड के नागरिकों ने किया विरोध प्रदर्शन

## सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र समाधान नहीं होने पर दी धरने की चेतावनी



**देवरीकलां, देशबन्धु।** नगर पालिका देवरी के अंतर्गत पटेल वार्ड, पृथ्वी वार्ड और सुभाष वार्ड के नागरिकों ने शुक्रवार को जल सप्लाई में लगातार आ रहे दूषित पानी को लेकर नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया और सीएमओ केव्ही बघेल को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने बताया कि बीते एक माह से एक दिन छोड़कर की जा रही जल सप्लाई में अत्यंत गंदा पानी आ रहा है, जिससे वार्डवासियों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पटेल वार्ड के पार्षद त्रिवेंद्र जाट ने बताया कि जल सप्लाई की समस्या को लेकर उन्होंने कई बार कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ को आवेदन दिये, मगर आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। वार्ड के हालात बदतर होते जा रहे हैं। बिजली के खंभों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, नालियों की सफाई नहीं हो रही है और नियमित झाड़ू तक नहीं लगाई जाती। उन्होंने प्रशासन पर पटेल वार्ड के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। पृथ्वी और सुभाष वार्ड के रहवासियों ने भी अपनी समस्यायें सामने रखीं। सुभाष वार्ड के कमलेश ठाकुर ने कहा कि हमारे पार्षद तो चुनाव के बाद दिखाई ही नहीं दिये। न तो वे समस्या सुनते हैं और न ही कभी वार्ड में आते हैं। पृथ्वी वार्ड के मुकेश सेन ने भी दूषित पानी, गंदगी से भरी नालियों और पार्षद की उदासीनता पर नाराजगी जताई। पटेल वार्ड निवासी भूपेंद्र पटेल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे वरिष्ठ अधिकारियों को पुन: आवेदन देंगे और बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा। सीएमओ केव्ही बघेल ने बताया कि तीनों वार्डों के लोगों ने जल सप्लाई में गंदे पानी की शिकायत की है, जिसमें पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है। शीघ्र मरम्मत कर समस्या का समाधान किया जायेगा। नगर पालिका की लापरवाही से नाराज वार्डवासियों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। यदि प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो जन आंदोलन की राह पकड़ी जायेगी।

# उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने विधायक के निवास पर की सौजन्य भेंट



**बण्डा, देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला शुक्रवार को बण्डा पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक वीरेन्द्र सिंह के निज निवास पर पहुंचकर परिजनों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विकास, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उनके आगमन पर विधायक के समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा, जाहर सिंह बमूरा, विवेक मिश्रा, लखन सिंह, रेवाराम सिंह लोधी, सीएमएचओ ममता तिमोरी, एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, एसडीओपी शिखा सोनी, थाना प्रभारी निरीक्षक अंजली उदैनिया सहित अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देश की सुरक्षा के लिए हम सभी जिम्मेवार : रूपा दीदी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय द्वारा देश की सुरक्षा में नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर अबार माता मंदिर प्रांगण में लगीं चैतन्य देवियों की झांकी में भारत माता के साथ वीर सिपाही को दिखाया गया। देश की सुरक्षा के संदेश दे रही सजीव झांकी में सचित्र वर्णन किया। बड़ा मलहरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्र. रूपा दीदी ने कहा कि भारत देश को ही भारत माता मातृभूमि कहा गया है तो ऐसा हमारा महान देश है जहां शिवशक्तियों को इतना महान माना गया है हमें अपने देश पर गर्व है देश की सुरक्षा के लिए हम सभी नागरिक जिम्मेवार हैं जिसमें दुर्गुणों का नाश करने वाली देवी दुर्गा का हम पूजन और गायन करते हैं लेकिन उनके गायन के साथ हमें अपने अंदर की विकृतियों को दुर्गुणों को भी दूर करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में घुवारा सेवा केंद्र प्रभारी ब्र. नीतू दीदी, शाहगढ़ सेवा केंद्र प्रभारी दीपा दीदी, द्रोपती बहन, मोहिनी बहन, ज्योति बहन ने भी देश भक्ति से ओत प्रोत अपना व्ख्यान दिया।

## ठेकेदार का आरोप भाजपा पार्षद ने रिश्वत मांगी, धमकाया

**बीना, देशबन्धु।** पुष्पविहार कॉलोनी में बन रहे पार्क को लेकर विवाद सामने आया है। नगर पालिका के ठेकेदार लवकेश यादव ने भाजपा पार्षद अजय ठाकुर पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। ठेकेदार ने पुलिस, कलेक्टर और नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक को शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद सरकारी काम में बाधा डाल रहे हैं। पार्क की बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया और सामान को आग लगा दी गई। ठेकेदार के मुताबिक पार्षद ने उन्हें जमीन में 10 फीट नीचे गाड़ने की धमकी भी दी। लवकेश यादव का कहना है कि पहले सड़क निर्माण के दौरान भी पार्षद ने रिश्वत मांगी थी। मना करने पर वह लगातार काम में रुकावट डाल रहे हैं। ठेकेदार ने सुरेश राय और विनम्रता यादव के खिलाफ भी शिकायत की है। दूसरी तरफ पार्षद अजय ठाकुर ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि ठेकेदार घटिया क्वालिटी का काम कर रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर उन्होंने नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीएमओ को मामले की जानकारी दी। बीना के एसडीओपी नितेश पटेल ने बताया कि शिकायत मिली है। सीएमओ से जानकारी लेने के बाद दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## पेंशनर संगठन की बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** मप्र विद्युत मंडल सागर क्षेत्र के पेंशनरों की मासिक बैठक मकरोनिया में योगेश सिंघई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे कैश लेस बीमा सुविधा एवं डीए में रेगुलर कर्मचारियों एवं पेंशनर को डीआर में दो प्रतिशत की कमी पर रोष व्यक्त किया। इसके अलावा ट्रेजरी से पेंशन करने के लिये शासन एवं कंपनी स्तर पर पत्राचार करने के लिये चर्चा हुई। बैठक को रामलखन श्रीवास्तव, अरविंद जैन एवं डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्ता ने संबोधित किया, संचालन संयुक्त सचिव राजीव श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी केपी उपाध्याय एवं शिवराम राजोरिया का माला एवं श्रीफल द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में लगभग 70 सदस्य उपस्थित थे।

# 2 साल की मासूम से दुष्कर्म का आरोप

**बारात में शामिल होने गई थी, चॉकलेट का लालच देकर साथ ले गया आरोपी**

**सागर, देशबन्धु।** बांदरी थाना क्षेत्र में 2 साल की मासूम बालिका से दुष्कर्म का आरोप है। बालिका शादी समारोह में शामिल होने के लिये बांदरी के पास एक गांव में गई थी। जहां आरोपी दुकान से चॉकलेट दिलाने का लालच देकर बालिका को साथ ले गया और गलत काम किया था। वारदात सामने आते ही पीड़िता के साथ परिजन ने बहेरिया थाना पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर बहेरिया पुलिस ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर केस डायरी बांदरी थाना पुलिस को जांच के लिये भेज दी है। घटनाक्रम सामने आते ही बांदरी और बहेरिया थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस टीमें आरोपी के घर परिचित और रिश्तेदारों के घर दबिश दे रही हैं। जानकारी के अनुसार बहेरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 मई को बांदरी थाना क्षेत्र के गांव में बारात गई थी। रिश्तेदार की बारात में बालिका भी अपने परिवार वालों के साथ गई थी, इसी बारात में आरोपी भी था। आरोपी परिचित होने के कारण बालिका को दुकान से चाकलेट, बिस्किट दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। जहां उसने बालिका के साथ गलत काम किया। बालिका घर आई थी तो मां ने उसे देखा। गलत काम होने पर परिवार वालों ने थाने पहुंचकर शिकायत की है। बहेरिया थाना प्रभारी गजेंद्र जोहरिया ने बताया कि बालिका के साथ गलत काम किये जाने की शिकायत पर जीरो पर प्रकरण दर्ज किया है। घटना बांदरी थाना क्षेत्र की है, इसलिए केस आगे की जांच के लिये बांदरी पुलिस को सौंपा गया है।

# यह मानव कल्याण का महायज्ञ, रक्तदाता आगे आएं : भूपेन्द्र सिंह




**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 4 दिवसीय रक्तदान शिविर दीपाली परिसर में रामबाग मंदिर के महंत घनश्याम दास द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीपप्रज्वलन व स्वस्तिवाचन के साथ आरंभ हो गया। चार दिवसीय वृहद रक्तदान शिविर के पहले दिन 231 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानव कल्याण के हितार्थ अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिनमें देवरी विधायक बृज बिहारी पटैरिया, महापौर संगीता तिवारी सहित एमआईसी सदस्य व पार्षद शामिल रहे। सागर जिले के साथ विदिशा जिले से भी रक्तदान करने युवा आये। शुभारंभ के अवसर पर महंत घनश्याम दास ने उपस्थित रक्तदानियों व जनसमुदाय से कहा कि पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह में सेवा और सद्कार्यों के गुण हैं जो उन्हें दूसरों से भिन्न बनाते हैं। उनका जन्मदिन को मनाने का यह परोपकारी कार्यक्रम मानव जीवन की रक्षा के लिये समर्पित हो गया है जिसका पुण्य उनके साथ सभी रक्तदाता भाई बहिनों को मिल रहा है। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर बताया कि विगत नौ वर्षों में 11500 यूनिट रक्त संकलित हो कर हजारों जीवन बचाने के लिये काम आया जिसके निमित्त आप हम सभी बने हैं। इस सेवा अभियान को इससे आगे ले जाने के लिये हमारे पास अगले तीन दिवस हैं। कार्यक्रम से सागर में रक्तदान एक स्वस्फूर्त अभियान बनता जा रहा है जो बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं और शिविर की उपयोगिता को देखते हुये शिविर की अवधि बढ़ा कर चार दिवसीय कर दी गई है। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी व्यवस्था और सुरक्षा के साथ रक्त संकलन का कार्य कर रही हैं। शिविर में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. जयंत जैन ने बताया कि समय-समय पर रक्तदान करने के अनेक स्वास्थ्यगत लाभ हैं यह प्रमाणित तथ्य है। देर शाम तक रक्तदान करने वालों का तांता लगा रहा। सागर, खुरई, मालथौन, रजवांस, बीना, देवरी के साथ साथ विदिशा जिले से भी रक्तदाता बड़ी संख्या में आये। सभी रक्तदाताओं को पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये। रक्तदान में रिकार्ड बना चुके सागर रक्तवीर समीर जैन, जैसे स्वयंसेवी भी पहुंचे और रक्तवीरों का प्रोत्साहन किया।

## सार समाचार

### टीआई सुनीता बिदुआ ने संभाला पदभार



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** शुक्रवार को टीआई सुनीता बिदुआ ने बक्सवाहा थाने में थाना प्रभारी का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने थाने के स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और थाने की गतिविधियों की जानकारी ली। पत्रकारों से चर्चा करते हुए टीआई ने नगर में शराब सहित मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को सख्ती से रोकने, महिलाओं व कमजोरों को न्याय दिलाने, जनसंवाद के जरिए आमजन को जोड़कर आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रमुखता से काम करने का संकल्प जताया है। बता दें कि टीआई सुनीत बिदुआ जिले के भगवा थाने सहित महिला थाना छतरपुर में उपलब्धिपूर्ण तरीके से काम कर चुकी हैं।

### पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए सौंपी जिम्मेदारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों में 1 जनवरी 2025 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम घोषित करके अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचा.) (स्था.निर्वा.) पार्थ जैसवाल ने बताया जनपद पंचायत बक्सवाहा की ग्राम पंचायत भुजपुरा, बिजावर के अनगौर, देवरा एवं राजनगर के बम्हौरीबहादुर जू, बेड़री, नांद, पीरा और जनपद पंचायत बड़ामलहरा के ग्राम पंचायत कुटौरा, बम्हौरीखुर्द, मवई, हरदौपट्टी, झिंगरी, बरेठी, राजापुर, गरखुवां, महाराजगंज, पनया के लिए मतदाता सूची को पुनरीक्षण किया जाना है। इन पंचायतों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित एसडीएम एवं सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। साथ ही सभी पंचायतों में अपील अधिकारी अपर कलेक्टर ही रहेंगे।

### सिविल डिफेंस वालंटियर्स का वविशेष प्रशिक्षण कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर जिला कार्यालय होमगार्ड के सहयोग से सिविल डिफेंस वालंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 18 मई को जिला होमगार्ड कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हवाई हमले के समय सुरक्षा उपाय, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट में सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवायें, घायलों को स्ट्रैचर या अन्य तरीकों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, आग से बचाव और प्राथमिक उपचार में सीपीआर, ब्लीडिंग रोकने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया जायेगा। नेयुके के उपनिदेशक अरविंद सिंह यादव ने समाज सेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, खेल संगठन एवं एनजीओ से प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। इस बारे में अधिक जानकारी अरविंद सिंह यादव उपनिदेशक के मो. 9425474974 एवं मुहम्मद हारून के मो. 8770509204 से ली जा सकती है।

### नीलगाय से टकराकर युवकों की दर्दनाक मौत

**गढ़ीमलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम बारी के पास शुक्रवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नीलगाय से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों और नीलगाय की मौत हो गई है। हादसा उस समय हुआ, जब मोटरसाइकिल सवार छतरपुर जा रहे थे, तभी अचानक सामने आई नीलगाय से टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के कराटा खोरड़िया निवासी सनी पुत्र देशराज बसोर 23 वर्ष और विनय पुत्र सुखदेव बसोर 20 वर्ष) के रूप में की गई है। हादसे की सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस मौके पर पहुंचीऔर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

### अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के साथ बदसलूकी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मरीज के परिजन द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के साथ बदसलूकी की गई है। बता दें महाराजपुर थाना के ग्राम दीवानजू का पुरवा निवासी मुकेश पुत्र भगवत पटेल 22 वर्ष ने जहर खा लिया था। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऊपर मंजिल में बने वार्ड में इलाज के लिए भेजा गया। इमरजेंसी में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिक्योरिटी गार्ड ने एक गेट बंद किया था, जिससे नाराज परिजनों ने गार्ड को गालियां देकर उससे बडदसलूकी कर दी। इस घटना ने अस्पताल में सुरक्षा और मरीजों के परिजनों के व्यवहार पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस ने इस घटना के वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिवहन विभाग की अनदेखी ने बढाई लोगों की परेशानी, कोई नहीं मानता नियम

# ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना सड़कों पर दौड़ रहे ट्रेक्टर

**छतरपुर, देशबन्धु।** परिवहन विभाग की अनदेखी से कृषि कार्य के नाम पर बिना रजिस्ट्रेशन के खरीदे ट्रेक्टरों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक शहर सहित पूरे जिले में दौडा अंधी रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। इन ट्रेक्टरों के कारण आये दिन सडक हादसे होना आम बात हो गई हैं।



केन नदी की रेत के कारण चर्चित छतरपुर जिले में लगभग हर सड़क पर रेत लादे ट्रैक्टर घूमते मिल जाएंगे। शहर की सड़कों पर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर ट्राली ने लोगों का चलना मुश्किल कर दिया है। ट्रैक्टर ट्राली शहर में कहीं भी किसी भी समय दिख सकते हैं। भले ही सड़क पर जाम लग जाए या किसी को दिक्कत हो, इससे न ट्रैक्टर चालकों को मतलब है न यातायात विभाग को। जिले में ट्रैक्टरों से खेती के काम के अलावा लोग उनका व्यवसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कागजों में ये ट्रेक्टर ट्राली कृषि कार्य के लिए खरीदे जाते हैं, लेकिन इनका ज्यादातर इस्तेमाल सड़कों पर माल ढोने में किया जा रहा है। मिट्टी, गिटटी, बालू, ईंट लादकर ड्राइवर सड़कों पर ट्रैक्टर ट्राली इतनी तेजी से चलाते हैं कि हर वक्त दुर्घटना होने का डर बना रहता है। बडी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली ऐसे हैं जो परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन कराए बिना ही चल रहे हैं। इससे साफ है कि ज्यादातर ट्रेक्टर टेक्स की चोरी कर शासन को लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं। शहर में बिना नंबर के अधिकांश ट्रैक्टर ट्रॉली रेत लादकर मौत बनकर दौड रहे हैं। बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश परिवहन विभाग बहुत पहले ही जारी कर चुका है। मगर इन निर्देशों का पालन जमीनी स्तर पर जरा भी नहीं हो रहा है। जिले में ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही से वाहन दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं और चालकों के पास लाइसेंस भी नहीं हैं। मगर इनका लाइसेंस कोई चैक नहीं करता है। यातायात पुलिस दो पहिया वाहन चलाने वालो के हैलमेट और कार चालकों के सीट बैल्ट बांधने की तो चैकिंग करती है, मगर बिना लाइसेंस और बिना रजिस्ट्रेशन के सडकों पर चलने वाले ट्रेक्टरों की जांच की ओर किसी का ध्यान नहीं है। इस बारे में न परिवहन विभाग की नींद टूटती है न यातायात पुलिस को कार्यवाही की सुध आती है।

#### ट्रेक्टर संचालन के लिये क्या हैं प्रावधान

परिवहन विभाग के मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक वाहन एजेंसी से रजिस्ट्रेशन के बाद ही वाहन स्वामी ट्रैक्टर ले जा सकते हैं। बिना नंबर लिखवाए ट्रेक्टर सड़क पर चले तो 2000 रुपये जुमार्ना लगता है। इंश्योरेंस न हो तो 3000 रुपये और रजिस्ट्रेशन न हो तो 2000 रुपये जुर्माना सहित वाहन की जब्ती और राजसात की कार्रवाई की जाती है। व्यवसायिक श्रेणी में ट्रेक्टरों का रजिस्ट्रेशन कराने पर 6 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है। जबकि कृषि कार्य के लिए रजिस्ट्रेशन में ट्रेक्टरों को कर मुक्त रखा गया है। इसी का फायदा उठाकर कृषि कार्य के नाम पर ट्रेक्टर लेकर उसका व्यवसायिक इस्तेमाल ज्यादा किया जाता है।

#### इनका कहना है

जिले में शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर ट्रैक्टर के पंजीयन, बीमा, चालको के लाइसेंस चेक करके, गडबड़ी मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**मधु सिंह**
**एआरटीओ, छतरपुर**

## जमीन के विवाद में युवक को बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रेडियो कॉलोनी के पीछे एक जमीन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रुप ले लिया। यहां एक ही परिवार के 10 लोगों ने मिलकर एक युवक को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया है।

पीड़ित अशोक कुमार पटेल ने बताया रेडियो कॉलोनी के पीछे उसके भाई सहायक शिक्षक घनश्याम पटेल की 1 एकड़ जमीन है। ये जमीन भाजपा नेता भागीरथ पटेल की जमीन के बगल में स्थित है। जिस पर भागीरथ पटेल कब्जा करना चाहता है। शुक्रवार को दोपहर में कुछ लोग जमीन पर जबरन पिलर खोद रहे थे। इसका विरोध करने पर अरविंद यादव, लखनलाल पटेल सहित 10 लोगों ने उसे गड्ढे में डालकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा है। मारपीट की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसमें हमलावर युवक से झगड़ते दिखाई दे रहे हैं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया इस मामले में शिकायत दर्ज करके आरोपी अरविंद यादव और लखनलाल पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## 6 शस्त्र धारकों के लायसेंस करने का आदेश

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिले 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के संबंध में 20 मई को जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। जिनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है उनमें सिटी कोतवाली के अंतर्गत शकील अहमद पुत्र अशफाक खान की भरतल एक नली बंदूक, आसिफ खान पुत्र जमील खान की 12 बोर दो नली बंदूक, मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद इम्तयाज की 315 बोर की रायफल, थाना राजनगर के अंतर्गत हामिद अली पुत्र बाहिद अली निवासी खुशहाली मुहल्ला राजनगर की 12 बोर दो नली बंदूक, हिसाबीलाल पटेल पुत्र परमेश्वरी दयाल पटेल निवासी डिगोनी की 12 बोर दो नली बंदूक और थाना ईशानगर के अंतर्गत ग्राम नदगांयकला के धनुषपाल सिंह पुत्र सरदार सिंह ठाकुर की 12 बोर दो नली बंदूक का लाइसेंस निरस्त किया जाना है।

## जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**बमीठा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में शुक्रवार को जमीन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बताया गया है हरपुरा निवासी नन्नी बाई रजक और जनपद सदस्य प्रकाश कुशवाहा के बीच चल रहे विवाद के दौरान शुक्रवार को पटवारी और राजस्व निरीक्षक जमीन की नपती के लिए मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया और विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। प्रकाश कुशवाहा और उसके समर्थकों ने रजक परिवार के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस झड़प में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग, जिनमें महिलाएं और पुरुष शामिल हैं, घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मामला बमीठा थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों के आतंक से परिवार बेघर, एसपी से मांगी सुरक्षा



**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक परिवार को दबंगों ने मारपीट कर घर से भगा दिया है। पीड़ित परिवार जान से मार डालने के डर से तीन दिन से घर नहीं गया है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय और सुरक्षा की फरियाद की है। पीड़ित जागेश्वर विश्वकर्मा निवासी ग्राम चंद्रनगर ने बताया 13 मई को गांव के दबंगों ने उसके परिवार को मारपीट कर घर से भगा दिया था। जागेश्वर के मुताबिक, विवाद की जड़ उसका मुख्य सड़क पर स्थित मकान है, जिसे आरोपी तुड़वाना चाहते हैं, क्योंकि उनका मकान इसके पीछे है। मारपीट और जान से मार डालने की धमकियों के कारण परिवार भयभीत है।

## मुस्कान अभियान: कई गुम बालक-बालिकाओं को खोजकर परिजन की मुस्कान लौटाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** विशेष मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने गायब हुए कई बालक बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों की मुस्कान लौटाई है। ये अपने आप में एक बडी कामयाबी है।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया विशेष मुस्कान अभियान के तहत जिले से लापता बालक बालिकाओं को खोजने में जुटी है। उन्होंने बताया थाना सटई पुलिस ने गुम हुई 2 बालिकाओं में से एक को बालिका को हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले से बरामद किया है, वह वर्ष 2023 में गायब हो गई थी। अप्रैल 2025 में गुम हुई बालिका को हरियाणा राज्य के सोनीपत जिले से खोज निकाला है। थाना बिजावर पुलिस ने वर्ष 2022 में गुम हुई बालिका एक बालिका को उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर के घाटमपुर से और थाना गौरिहार पुलिस ने वर्ष 2023 व वर्ष 2025 में गुम हुई 2 बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया 1 जनवरी 2025 से अभी तक पंजीकृत गुम हुए करीब 187 से अधिक बालक-बालिकाओं को देश के अलग अलग हिस्सों से खोजकर उनके स्वजन के सुपुर्द किया जा चुका है।

#### बाजार में गहने, रुपए चुराने वाली महिलाएं गिरफ्तार

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र में बाजार में हुई दो अलग-अलग चोरी की वारदातों में शामिल पांच महिला चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनसे चुराए गए गहने, रुपए और वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त वाहन को बरामद कर लिया है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया छतरपुर शहर के व्यस्त चौक बाजार क्षेत्र में महिला चोरों की सक्रियता से घटनाएं हो रही थीं। राजश्री ज्वैलर्स से दो महिलाओं ने सोने के झुमके चुरा लिए थे। पुलिस ने दोनों महिलाओं को पकड़कर उनके पास से झुमके बरामद कर लिए हैं। इसी तरह एक अन्य घटना में एक महिला के पर्स से 50 हजार रुपए चोरी हो गए थे। इस मामले में तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 16 हजार रुपए और वारदात में इस्तेमाल एक ऑटो रिक्शा जब्त किया है। सीएसपी ने बताया आरोपी महिलाओं से पूछताछ की जा रही है, संभावना है अन्य कई वारदातों का भी खुलासा हो जाए। पुलिस ने चौक बाजार और सर्राफा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## आम तोडने के विवाद में परिवारों में खूनी संघर्ष, 7 घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी में पैतृक जमीन पर लगे आम के पेड़ को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इसमें एक पक्ष से 5 और दूसरे पक्ष के 2 लोग घायल हुए हैं।

ग्राम बंजारी निवासी नरेंद्र अवस्थी ने बताया परिवार की पैतृक जमीन पर लगे आम के पेड़ को लेकर भाई से कई दिनों से विवाद चल रहा था। नरेंद्र का कहना है आम के पेड़ में उसका भी हिस्सा है। बड़े भाई ने अपने हिस्से से अधिक आम पहले ही तोड़ लिए। जब नरेंद्र के बच्चों ने पेड़ से आम तोड़े, तो बड़े भाई के परिवार ने आपत्ति जताई, जिससे तनाव बढ़ गया, कहासुनी भी हुई। शुक्रवार सुबह विवाद फिर भड़क उठा। नरेंद्र ने आरोप लगाया बड़े भाई के परिवार के महेश, भईयन, सूरज प्रसाद, पार्वती, मोहन, शिब्बू और ठुल्ला ने उन पर और उनके परिवार पर लाठियों से हमला कर दिया। बचाव में दूसरे पक्ष ने भी लाठियां भांजीं। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हुए हैं।। सूचना पर 100 डायल पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। नरेंद्र ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मुआवजे की मांग: ग्रामीणों ने किया हाईवे पर चक्का जाम

**छतरपुर, देशबन्धु।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के उजरा गांव में सागर-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने फोर लाइन सड़क निर्माण के लिए ली जा रही उनकी जमीन और मकानों का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया है। इससे हाईवे पर वाहनों की कतार लग गईं, यातायात प्रभावित हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है हाईवे के फोर लाइन विस्तार के लिए उनकी जमीन और मकान अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन मुआवजे की दरें बेहद कम हैं, जो उनकी आजीविका के लिए नाकाफी हैं। उजरा गांव के किसानों और प्रभावित परिवारों ने सुबह से हाईवे पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुआवजे की दरों को बढ़ाया जाए और उनकी मांगों पर तत्काल विचार किया जाए। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने यातायात बहाल करने के लिए जाम हटाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया।

## विश्व परिवार दिवस पर वीरेंद्र ने रक्तदान कर बचाई जच्चा-बच्चा की जान



**छतरपुर, देशबन्धु।** कहते है परिवार है तो हम हैं, हम से ही परिवार। यदि परिवार के किसी सदस्य के लिए रक्तदान करने का मौका मिले तो इससे बड़कर कोई दूसरी मानव सेवा नहीं हो सकती है। रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया शुक्रवार को विश्व परिवार दिवस पर जिला अस्पताल में भर्ती ईशानगर निवासी प्रसूता रिंकी सेन और नवजात की जान बचाने के लिए वीरेंद्र ने प्रथम बार रक्तदान किया है। रक्तदानी वीरेंद्र ने कहा विश्व परिवार दिवस पर किसी परिवार के सदस्य के लिए रक्तदान करना सुखद और संतुष्टिदायक अनुभव रहा है। मैं आगे भी पीड़ितों के लिए रक्तदान करता रहूंगा।


**COROMANDEL INTERNATIONAL LIMITED**
**Regd. Office :** Coromandel House, 1-2-10, Sardar Patel Road, Secunderabad-500003 (A.P.)
**Regional Marketing Office :** Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, Near Satya Sai Square, Indore-452010

**NOTICE INVITING TENDERS**
**Storage, Handling and Transport Contracts**

Coromandel International Limited, Indore, MP (Formerly Coromandel Fertilizers Limited) invites sealed Tenders from the Experienced, Financially sound parties of the Storage Rake Handling and Transport Contracts at the following Place in Madhya Pradesh, Chhattisgarh & Gujarat State.

**MADHYA PRADESH : Bargawan, Biaora, Burhanpur, Daloda, Damoh, Datia, Dewas, Gadarwara, Garoth, Guna, Indore, Jukehi (Katni), Khandwa, Lidhora Khurd (Sagar), Mahidpur Road, Mandsaur, Neemuch, Pachore, Rewa, Saank (Morena), Shajapur, Tikamgarh & Vikram Nagar.**

**CHHATTISGARH : Kharsia, Akaltara, Tilda, Parlinala (Rajnandgaon), Jagdalpur & Bhatapara.**

**GUJARAT: Bardoli (Navsari), Bhavnagar, Junagarh & Shidhpur (Mehsana)**

Interested parties may apply for obtaining tender document at our Divisional Office. Indore, MP, Duly furnishing the following information / document.

1. Name of Firm/Authorized Person, Address, Phone / Fax Number, E-mail address.
2. Credentials and Bank Solvency for ₹ 10 Lakh (Copy of Certificate issued by bankers to be enclosed).
3. List of Similar Experience for the last 3 years.
4. Latest Income Tax clearance certificate (Copy to be enclosed).

Application with required particular shall be submitted to the undersigned at the above address within a week with a non refundable fee of ₹ 2000/- (By DD) drawn in favour of Coromandel International Limited payable at Indore.

Tender will be received in the office by 05.06.2025 in sealed envelope to be sent by govt. speed post or regd. post only to **Mr. Satanand Sharma,** Dy. Mgr Warehousing.

**ADD** : Benchmark Business Park, 8th Floor, Unit No. 811, 812, 814 to 817, Block No. A-3, IDA Scheme No. 54, PU-4, Near Satya Sai Square, Indore-452010

Tender will be opened on 12:00 Hrs. Date 07.06.2025 before committee and the tender result will be intimated to you. Coromandel reserves the right to accept / refuse any application without assigning any reason.

For further details please Call: 9826807244, 9111000334, 9826800436, 9425327124, 9752542543 & 9977215847.

**- Regional Business Head (Sales & Marketing)**


बारीगढ में 15 दिवसीय कैंप का समापन, महाराजपुर में 30 तक बच्चे हासिल करेंगे कौशल

# समर कैंप में बच्चे ले रहे विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण, निखार रहे अपना हुनर

**गौरिहार, महाराजपुर, देशबन्धु।** स्कूलों की छुटि्टयां हो जाने पर अब बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए समर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। बारीगढ स्कूल के समर कैंप में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देकर बच्चों का कौशल निखारा गया, जिसका समापन हो गया है। वहीं महाराजपुर के स्कूल में लगे कैंप में छात्राएं हेल्थ केयर के बारे में सीख रही हैं, यहां समापन 30 मई को होगा।





गौरिहार क्षेत्र के बारीगढ़ में शासकीय सांदीपनी विद्यालय में 1 मई से समर कैंप शुरु हुआ, जिसका 15 मई को समारोहपूर्व समापन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ धनीराम पटेल थे। विशिष्ट अतिथि पत्रकार अनिल द्विवेदी रहे। नोडल अधिकारी प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय यादव ने बताया 15 दिवसीय समर कैंप में प्रतिभागी बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, बालीवाल, हाकी, दौड और कूद जैसे खेलों में अपने कौशल को निखारा है। वहीं रिंग एक्टिविटी, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोन पेंटिंग, रंगोली, नृत्य, लोकगीत, वाद्ययंत्र वादन, नाटक, कंप्यूटर, इंटरनेट, कढ़ाई-बुनाई प्रशिक्षण भी लिया है। कैंप के अंतिम दिन प्रतियोगिता कराई गई जिसमें कविता, गरिमा, माही शिवहरे, दीप्ति कुंडे और सानिया चौरसिया प्रथम आईं। वहीं कोमल चौरसिया और जेसिका चौरसिया द्वितीय रहीं। तबला वादन में विभास यादव प्रथम, वैभव चौरसिया द्वितीय रहे। रंगोली में महक रैकवार प्रथम, पलक चौरसिया द्वितीय आईं। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जैसमीन प्रथम और श्रद्धा राय द्वितीय आई। वहीं बालक वर्ग में अंशु अहिरवार प्रथम और जितेंद्र प्रजापति द्वितीय रहे। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर गायत्री चौरसिया, लीला त्रिपाठी, मोहन यादव, कृष्ण कुमार चौरसिया, रामस्वरूप अनुरागी, रामसिंह गौतम, सुरेन्द्र प्रजापति, रामेश्वर रैकवार, मनीष चौरसिया सहित बच्चों के अभिभावक और पत्रकार उपस्थित रहे।

#### महाराजपुर में छात्राओं को दिए जा रहे हेल्थकेयर के टिप्स

महाराजपुर के शासकीय नेहरु हायर सेकंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा पास कर चुकी बायलाजी की 20 छात्राएं समर कैंप में मेडीकल टैस्ट करने का तरीका सीख रहीं है। ये प्रशिक्षण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ आलोक चौरसिया के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। छात्रा शिवानी चौरसिया ने बताया 15 दिन में लैब में रोहित शर्मा ने मलेरिया, टायफाइड, ब्लड शुगर, एचआईबी, हीमोग्लोबिन और प्रेग्नेंसी और ब्लड टेस्ट करना सीखा है। नर्स ने बीपी और बुखार की जाच करना सिखाया है। छात्रा सायमा खातून, पूर्वी सोनी, अनीता अनुरागी, रोशनी, शीतल, प्रभा, आरती अहिरवार और प्रभा प्रजापति ने बताया ओपीडी में मरीजों के पर्चे बनाना, रजिस्टर में जानकारी भरने का तरीका बताया गया है। किशोरियों के स्वास्थ्य, शारीरिक बदलाव, प्रसूताओं की देखभाल और टीकाकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। डॉ आलोक चौरसिया ने बताया समर कैंप के पहले 15 दिन में छात्राओं को मेडीकल टैस्ट करना सिखाया गया है। छात्राएं अस्पताल की एक्टिविटी से परिचित हो गई हैं। अब अंतिम पखवाडे में उन्हें बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके बताए जाएंगे।

# अभिमत

**आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है।**

## किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊ बना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।

अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।

> **महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है।**

जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊ बना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर। सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊ हुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।

वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मूंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं। उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।

उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।

वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।

उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।

वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है। इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।

वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है।

महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है। इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेडों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।

इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**10 मई**

- अमेरिका ने कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए।
- केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय ने रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक लगा दिया।
- आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित हो गया।
- कैट लवर्स के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिया आइलैंड।

**11 मई**

- भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हुआ।
- माल्आ बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल।
- चीन व अमेरिका के बीच जिनेवा में हुई व्यापार वार्ता।
- किमजॉग ने कहा कि रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही है।

**12 मई**

- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होग ब्रम्होस मिसाइल का उत्पादन।
- बांग्लादेश में शेख हसीना का पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- पुणे के पर्वतारोही जितेडे गवारे ने पाउंट मकालू पर्वत शिखर 8485 मीटर ऊंचे पर फतह किया।
- सूडान पर जेल में ड्रोन हमले से 19 कैदियों की जान चली गई।।

**13 मई**

- भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से सन्यास।
- पीएम मोदी सीज फायर के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की भावना का प्रतिबिंब है ऑपरेशन सिंदुर।
- सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने प्रेस कान्फ्रेस लेकर कहा कि जरूरत पड़ने पर हर मिशन के लिए हम तैयार।
- भारत-पाक युद्ध के चलते बंद भारत के 32 एयरपोर्ट का संचालन पुनः शुरू हुआ।

**14 मई**

- भारत के विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई में कहा कि तलाक के बाद भी एक ही घर में रह सकते हैं पति-पत्नी।
- गाजा में नाकाबंदी के कारण भूख से 57 बच्चों की मौत हो गई।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में 51 हजार पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी चाबी।

**15 मई**

- जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बी आर गवई) भारत के 52वें सीजेआई बने। राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ।
- हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राबर्टबेंटन का निधन हो गया।
- पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्मिनजेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उरूग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

**16 मई**

- रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने यूपीएससी का अध्यक्ष पद संभाला।
- भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप के कैप्टन सुभांशु शुकला 8 जून को स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे।
- 1995 बैच के आईएफएस के अधिकारी अनुराग भूषण स्वीडन में भारत के नए राजदूत होंगे।
- डीआरडीओ ने विकसित की नई तकनीक समुद्र के खारे पानी को कर सकती है मीठा।

## बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे

■ सात्यकी चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है।

अवामी लीग (एएल) शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया। शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं।

> **इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है।**

पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा, जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है।

परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं, वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी।

अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा।

बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए ज़रूरत है - उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक। डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।

एक व्यापक पार्टी प्रतिबंध - राजनीतिक प्रतिबंध का सबसे चरम रूप - केवल तभी उचित ठहराया जा सकता है जब अन्य सभी छोटे प्रतिबंधात्मक साधन स्पष्ट रूप से विफल हो गये हों। राज्य के पास अभी भी शक्तिशाली उपकरण हैं: वह विश्वसनीय रूप से अपराध के आरोपी एएल नेताओं पर मुकदमा चला सकता है, गवाहों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर सकता है, हिंसक गुटों को भंग कर सकता है और यहां तक कि लक्षित दंड भी लगा सकता है। ये तंत्र न्याय को मजबूत करते हैं।

इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है, शिकायतों को बढ़ाता है, और उन लोगों को शहीद बनाता है जो कभी आरोपी थे।

लेकिन ये तर्क शिक्षित हलकों तक ही सीमित हैं। फिलहाल, एनसीपी और जमात द्वारा अवामी लीग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक माहौल बनाया गया है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि चुनाव से पहले इस स्थिति में कोई बदलाव आयेगा। इसे केवल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप से ही संभव बनाया जा सकता है। केवल अमेरिका ही आने वाले चुनावों में अवामी लीग के लिए कुछ जगह बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं हैं कि अमेरिका ऐसा करेगा।

## अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके।

पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है।



डॉ. अजय पटनायक

> **रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी**

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य 'मित्र' देशों के नेताओं को आमंत्रित किया।

यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक 'गैर नाज़ीकरण' रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है।

भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरुआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं। दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि 'अब युद्धों का युग नहीं है'। 2024 में कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया।

2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं।

आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है।

खुद को और अधिक अमेरिकी झटकों से बचाने के लिए भारत व रूस को आपस में तथा अन्य देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक संबंधों का विस्तार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए चीन हाल ही में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए वियतनाम, कंबोडिया तथा मलेशिया के साथ बातचीत कर रहा है। भारत व रूस को अपने व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना होगा जिसमें भारतीय कंपनियां रूस के तेल व गैस, फार्मास्यूटिकल्स एवं आईटी क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं जबकि रूसी कंपनियां भारत के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये सब अमेरिका का विरोध किए बिना किया जाना चाहिए और इसके लिए चतुराई भरी बातचीत और रणनीति की आवश्यकता है।

ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से वैश्विक भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और रणनीतिक संदर्भ बदल गए हैं। रूस अब एक बहिष्कृत देश नहीं है जिसे अमेरिका यूक्रेन पर एक सौदा करने के लिए उलझा रहा है। अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते के सिलसिले में चर्चा के लिए मास्को मददगार हो सकता है। रूस के साथ अमेरिका ऊर्जा समझौते भी चाहता है। इस पृष्ठभूमि में पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा। चूंकि भारत अमेरिका का भी करीबी है इसलिए अमेरिका नई दिल्ली को संकेत दे सकता है कि वह रूस के साथ बातचीत से क्या चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी जो मास्को और कीव दोनों को स्वीकार्य होगा।

हालांकि पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि हो गई है लेकिन तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। व्यापार व टैरिफ मुद्दों एवं युद्ध के बाद शांति प्रयासों के लिए मास्को और नई दिल्ली को रणनीतिक रूप से संलग्न होने की जरूरत होगी जो नेताओं की उच्चतम स्तर पर बैठक द्वारा सबसे अच्छी तरह से पूरा होता है। यह पुतिन की आगामी यात्रा को महत्वपूर्ण बनाता है।

**( लेखक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा को संबोधित किया, बोले-

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखा नया शक्ति संपन्न भारत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बदलते दौर के भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं के साहस और शौर्य के प्रमाण दे दिए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आपरेशन सिंदूर रूकेगा नहीं, हमारे घर के किसी भी कोने में कोई भी आतंकवादी गतिविधि करेगा तो भारत उसे घर में घुसकर मारेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोई भी ताकत भारत को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। हम सब सेना को सम्मान देने के लिए इस यात्रा में एकत्रित हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने हमारे हथियार भी देखे, हमारी एकजुटता भी देखी, हमारे देश का पराक्रम भी देखा और पुरूषार्थ भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि

**सभी समाजों और धर्मगुरूओं के साथ नागरिकों ने की व्यापक भागीदारी**

आज हम सब पूरा देश आनंदित है। लगातार तिरंगा यात्राओं के माध्यम से पूरी दुनिया में संदेश जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य का क्षण है। भोपाल देश का दिल है। हमारे राफेल ने कमाल कर दिया। भारतीय सेना ने ऐतिहासिक शौर्य का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का आजादी के बाद यह चौथा युद्ध था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने मिलकर जिस प्रकार का योगदान देकर आजादी के बाद चौथे युद्ध में 4 दिन में पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया, वह अभूतपूर्व है। हमारे देश की सेना ने ऐसा कार्य किया है, जो न भूतो न भविष्यति। पलक झपकने से पहले ही ब्रह्मोस मिसाइल ने एक के बाद एक बड़े-बड़े एयर वेज को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान को समझ में ही नहीं आया कि वह करे क्या। हमने देखा रात के 11:30 बजे जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अपने राष्ट्रपति से बात करने गए तो उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में कोई हमें छेड़ो मत और अगर छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं। यह बदलते दौर का भारत है।

### सेनाओं के साथ सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के सम्मान में तिरंगा यात्रा : शर्मा

तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज भोपाल में भारत माता के जयकारे के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन और हमारी बहन सोफिया कुरैषी और व्योमिका सिंह का सम्मान करने के लिए तिरंगा यात्रा में जनसैलाव उमड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक भी आतंकी दुनिया के किसी कोने में होगा हम ढूंढ-ढूंढ करके मारेंगे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें गर्व है कि भारत की तीनों सेनाओं ने और हमारी बहन सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में घुसकर सारे आतंकवादियों के शिविरों को नेस्तनाबूद करने का पराक्रम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने भारत माता और जयहिंद के जयकारों के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। तिरंगा यात्रा में प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह सहित सभी समाज के धर्मगुरूओं, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के साथ शहर के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं, युवाओं, पूर्व सैनिकों के साथ हजारों की संख्या में आम जनता अपने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश प्रवक्ता व वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख, जिला अध्यक्ष रवींद्र यति, नगरनिगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## प्रथम फील्ड मार्शल स्व. करिअप्पा की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल स्व. के.एम. करिअप्पा की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर फील्ड मार्शल करिअप्पा के राष्ट्र निर्माण में योगदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत को सशक्त बनाने और सेना की सुदृढ़ता के लिए किए गए उनके प्रयास अविस्मरणीय रहेंगे। देश सेवा के आदर्श के रूप में वे सदैव जवानों के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और गौरव के लिए स्व. करिअप्पा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरक है। उनके योगदान का सदैव स्मरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर इन चीफ थे, जिन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने न केवल पेशेवर मजबूती हासिल की, बल्कि अनुशासन और समर्पण के नए मानक भी स्थापित किए।

प्रभारी मंत्री देवड़ा ने जिला योजना समिति की बैठक में दिये निर्देश

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच निरंतर संवाद आवश्यक




**जबलपुर, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि लोगों की समस्या के निराकरण और विकास की योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये जन प्रतिनिधियों और सबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच निरन्तर संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़ी समस्या का निराकरण तत्परता से किया जाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समय-सीमा तय कर समाधान करें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा गुरूवार को जबलपुर में जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बैठक में जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के कार्यों की समीक्षा की तथा सिविल डिफेंस प्लान के क्रियान्वयन पर योजना समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का निराकरण अगर जिला स्तर पर संभव नहीं है, तो तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाएं जिससे शासन स्तर पर उसे निराकृत करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार, यात्री बसों के शहर में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी बैठक में विचार विमर्श हुआ। इस के साथ ही नवनिर्मित राँझी में स्टेडियम का नामकरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी खेल परिसर के नाम पर करने तथा पनागर जनपद पंचायत के ग्राम खिरियाकला के शासकीय हाई स्कूल का नाम इस स्कूल के लिये जमीन दान करने वाली श्रीमती राधिका पटेल एवं श्रीमती लक्ष्मी पटेल के नाम करने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। बैठक में राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे एवं विधायक मौजूद थे।

मंत्री शाह के बदजुबानी के खिलाफ सड़क पर उतरी महिला कांग्रेस, प्रदर्शनकारियों ने कहा-

# मंत्री शाह को तत्काल बर्खास्त करें

**भोपाल, देशबन्धु।** आंतकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लीड कर रहीं कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ महिला कांग्रेस सड़क पर उतर आई और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिला कार्यकर्ताओं ने मंत्री शाह के बंगले का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान हाथों मैं भी सोफिया कुरेशी हूं क्या मै आतंकवादी हूं? जैसे लिखे वाक्य की तख्तियां लिए हुए प्रदर्शन किया।




महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करते हुए मंत्री शाह को मंत्रीमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। श्रीमती पटेल ने कहा कि मंत्री विजय शाह ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वह अमर्यादित, असभ्य, आपत्तिजनक है। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस भाषा का उपयोग करना लोकतंत्र, संविधान, देश की लाड़ली बहनों समेत सेना का भी अपमान है। ऐसे व्यक्ति को एक भी पल संवैधानिक पद पर बने रहने को कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता।

इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना प्रदेश महामंत्री राजलक्ष्मी नायक, फरजाना खान, महक राणा, राजकुमारी केवट, रतन तंत्र पांडे आदि वरिष्ठ महिलाएं विशेष रूप से मौजूद रहीं।

## लोक अदालत में 14 हजार से अधिक बिजली प्रकरणों में दी गयी 4 करोड़ की छूट

**भोपाल, देशबन्धु।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गत दिनों आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित 14 हजार 864 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की छूट दी गयी है।



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 7 हजार 227 प्रकरणों का निराकरण करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को एक करोड़ 66 लाख 27 हजार रुपये की छूट प्रदान की गयी है। कम्पनी के खाते में 9 करोड़ 76 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 5 हजार 363 प्रकरण निराकृत हुए हैं। इनमें बिजली उपभोक्ताओं को एक करोड़ 46 लाख रुपये की छूट दी गयी है। कम्पनी को लगभग 8 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरह पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के जिलों में 2 हजार 274 प्रकरणों का निराकरण कर करीब 98 लाख रुपये की छूट बिजली उपभोक्ताओं को दी गयी है। कम्पनी को लगभग 4 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि कम्पनियों द्वारा वितरण केन्द्र स्तर तक लोक अदालत के लिए प्रभावी तैयारी की गई थी। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया।

प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट की तैयारी की गई थी।

# 5 साल से 3 किलो का ट्यूमर लेकर घूम रहा था मरीज

### एम्स में दिल-फेफड़े को रोककर किया ऑपरेशन

**भोपाल,देशबन्धु।** 5 साल से सीने में 3 किलो का ट्यूमर न सिर्फ फेफड़े और दिल को दबा रहा था, बल्कि हर सांस को मुश्किल बना रहा था। 47 साल का मरीज अस्थमा रोग समझ इसे हल्के में ले रहा था। जब खांसी और दर्द बढ़ा, तो जांच के लिए सागर से एम्स भोपाल पहुंचा। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने ऑपरेशन से मरीज की जान बचाई। विशेषज्ञों के अनुसार मरीज यदि आगे भी लापरवाही करता तो मौत भी हो सकती थी।

एम्स भोपाल के कार्डियोथोरेसिक एंड वेस्कुलर सर्जरी (सीवीटीएस) विभाग के डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान पाया कि ट्यूमर फेफड़े और दिल के साथ महाधमनी पर भी दबाव बना रहा है। इसने दिल की प्रमुख रक्त वाहिनियों को पूरी तरह से घेर रखा है।



स्थिति इतनी गंभीर थी कि ऑपरेशन के लिए मरीज को कार्डियो पल्मोनरी बायपास (आर्टिफिशियल लंग हार्ट मशीन) पर रखा गया, जिसमें मरीज के दिल और फेफड़े को कुछ देर के लिए रोक दिया जाता है। इनका काम मशीन से होता है। ऐसा जोखिम भरे ऑपरेशन को सुरक्षित रूप से करने के लिए किया जाता है। तीन घंटे चले इस ऑपरेशन में डॉक्टरों ने लगभग 3 किलो वजनी और 30 सेंटीमीटर लंबा थोरेसिक ट्यूमर पूरी सावधानी से निकाल लिया। इसके बाद मरीज को कुछ दिन आईसीयू में रखा गया और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह सिर्फ एक सर्जिकल उपलब्धि नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक नई उम्मीद है। हमारा प्रयास है कि उन्नत चिकित्सा सुविधाएं समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों तक पहुंचें।

### इन्होंने की ऑपरेशन

सीवीटीएस विभाग से इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. योगेश निवारिया ने किया, और टीम में डॉ. एम किशन, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्टी और डॉ. आदित्य सिरोही शामिल थे। एनेस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. पूजा सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. निवारिया ने बताया कि ऑपरेशन इसलिए जटिल था, क्योंकि ट्यूमर ने दिल की मुख्य धमनी (महाधमनी), श्वासनली और फेफड़ों को चारों ओर से घेर लिया था।

## रिटायर्ड आईएएस के सूने मकान का ताला तोड़ा

**भोपाल, देशबन्धु।** कटाराहिल्स में बदमाशों ने रिटायर्ड आईएएस के सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान चोरी कर लिया। मकान पिछले करीब छह महीने से खाली पड़ा था, जिसमें फर्नीचर से लेकर अन्य सामान रखा था। पुलिस ने बताया कि कटाराहिल्स की स्वामी विवेकानंद कॉलोनी परिसर के एलआईजी क्वार्टर में पूर्व आइईएस राजेश जैन का फ्लैट है। राजेश जैन फिलहाल मिसरोद में रहते हैं, लेकिन उनके इस फ्लैट में छोटे भाई की पत्नी ममता जैन रहती थीं। उनका सामान इसी घर में रखा था। वह पिछले कई महीनों से बाहर हैं। 30 अक्टूबर को राजेश जैन घर आए थे, तब सब सामान सुरक्षित रखा था, लेकिन वे चार मई को वापस घर पहुंचे तो ताला टूटा था और घर में रखे कूलर-पंखे, वाशिंग मशीन और यहां तक की टेबल कुर्सी और सोफे से लेकर बेड तक सब कुछ गायब हो गया। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी के जरिए देख रही है कि चोरी किस दिन हुई थी। फिलहाल अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

# अभ्यास में डेटोनेटर फटा, 2 पुलिसकर्मी घायल



### हवलदार की हालत नाजुक

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल की 25वीं बटालियन में अभ्यास के दौरान डेटोनेटर फटने से दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के बाद पुलिस द्वारा लगातार अभ्यास के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। इसी के तहत गुरुवार को 25वीं बटालियन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इस दौरान डेटोनेटर फट गया, जिससे अभ्यास में लगे दो पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई। घायलों के नाम हवलदार विशाल सिंह और आरक्षक संतोष कुमार है दोनों घायल पुलिसकर्मियों को बंसल अस्पताल में भर्ती किया गया है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सक इनके इलाज में जुटी है। हवलदार विशाल सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है। वही विस्फोट की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### पीएचक्यू ने जांच के आदेश दिए

पुलिस मुख्यालय ने इस मामले मे जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाई जा सकती है। यह समिति मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल में हुई चूक की जांच करेगी।

### हर 15 दिन में होती है प्रैक्टिस

आईजी इंटेलिजेंस डॉक्टर आशीष ने बताया कि हर 15 दिन में कमांडो मॉक ड्रिल करते हैं। गुरुवार को भी ऐसी ही ड्रिल के दौरान डेटोनेटर में विस्फोट हुआ है। यह विस्फोट कैसे हुआ। इसके सही कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। इसकी जांच कराई जा रही है, यह पता लगाया जा रहा है कि गड़बड़ी कहां हुई।


**CHANGE OF NAME**

I , KAMAL SPOUSE OF NAME WAYAL RAVINDRA VINAYAK HOME ADDRESS AT - MANUBAI , PO - MERA BK , TQ - CHIKHALI , DIST - BULDHANA , STATE - MAHARSHTRA, PIN - 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM KAMAL TO KAMAL RAVINDRA WAYAL . VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , BABLI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - TJ 006931A RANK SUB NAME SANDEEP SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - NIZAMPURGARUMA , PO - RAILWAY STATION, TEH - SHIKOHABAD, DIST - FIROZABAD, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 205141 HAVE CHANGED MY NAME FROM BABLI TO BABLI YADAV IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , CHANCHALA DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 18014873L RANK LNK NAME KAMALJEET SINGH SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL & POST - BASOLI , BASOLI NICHLI , UNA, HIMACHAL PRADESH, 174303 HAVE CHANGED MY NAME FROM CHANCHALA DEVI TO CHANCHLA DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I ,SANIYA IS DAUGHTER OF ARMY NO - TJ 006931A RANK SUB NAME SANDEEP SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - NIZAMPURGARUMA , PO - RAILWAY STATION, TEH - SHIKOHABAD, DIST - FIROZABAD, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 205141 HAVE CHANGED MY NAME FROM SANIYA TO SANIYA YADAV IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , VINAYAK FATHER OF NAME WAYAL RAVINDRA VINAYAK HOME ADDRESS AT - MANUBAI , PO - MERA BK , TQ - CHIKHALI , DIST - BULDHANA , STATE - MAHARSHTRA, PIN - 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM VINAYAK TO VINAYAK RUSTUMRAO WAYAL. VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , VIMAL MOTHER OF NAME WAYAL RAVINDRA VINAYAK HOME ADDRESS AT - MANUBAI , PO - MERA BK , TQ - CHIKHALI , DIST - BULDHANA , STATE - MAHARSHTRA, PIN - 443201 HAVE CHANGED MY NAME FROM VIMAL TO VIMAL VINAYAK WAYAL. VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 15675610X RANK HAV NAME PATIL TANAJI RAMACHANDRA SERVING IN 36 RAPID SIG REGT (AREN) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - INAM SAVARDE CHANDAGAD , HINDAGAON , KOLHAPUR, MAHARASHTRA, 416509 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM SIDDHARTH PATIL TO SIDDHARTH TANAJI PATIL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , SURESH KUMAR IS FATHER OF ARMY NO - 18014873L RANK LNK NAME KAMALJEET SINGH SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL & POST - BASOLI , BASOLI NICHLI , UNA, HIMACHAL PRADESH, 174303 HAVE CHANGED MY NAME FROM SURESH KUMAR TO SURESH KUMAR BAINS IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 15/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , GAILI DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 12818731F RANK SEP NAME MANOJ KUMAR SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS GAON - KYAR , POST - CHELUSAIN , DWARIKHAL , PAURI GARHWAL , DWARIKHAL , UTTARAKHAND, PIN - 246128 HAVE CHANGED MY NAME FROM GAILI DEVI TO GAYALI DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 16/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 432/स.अ./ आवंटन/ सागर/2025 दिनांक 16.05.2025

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी डॉ हरिसिंह गौर नगर सागर में स्थित भवन कमांक एलआईजी ए 212 मण्डल द्वारा श्री अवनीश जारौलिया पिता श्री ओमप्रकाश जारौलिया को आवंटित किया गया था। भवन में श्री आदित्य दुबे पिता श्री अजय दुबे का नाम सहकेता के रूप में दर्ज किया गया। जिसका विकय विलेख मण्डल द्वारा दिनांक 26.07.2021 को निष्पादित कराया गया। श्री अवनीश जारौलिया पिता श्री ओमप्रकाश जारौलिया द्वारा पंजीकृत हकत्याग दिनांक 25.03.2025 के माध्यम से उक्त भवन का स्वयं का भाग श्री आदित्य दुबे पिता श्री अजय दुबे के पक्ष में हकत्याग किया। श्री आदित्य दुबे पिता श्री अजय दुबे द्वारा उक्त भवन स्वयं के नाम से नामान्तरित कराने हेतु आवेदन / दस्तावेज / शपथपत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तान्तरण / नामान्तरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सागर**

पुरानी डफरिन अस्पताल, बस स्टैण्ड के पास, जिला सागर (म.प्र.)

Phone No.- (07582) 264494, 264390, E-mail-cmhosag@nic.in, dpmusag-mp@nic.in

क्रमांक /भवन/केसली/2025/1716 सागर, दिनांक 07.05.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

आम जनता ग्राम देवरी नाहरमऊ तहसील केसली जिला सागर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी नाहरमऊ (नन्ही देवरी) के भवन निर्माण हेतु मौजा नन्ही देवरी (देवरी नाहरमऊ) प.ह.नं. 05 रा. नि.मं. केसली तहसील केसली स्थित भूमि ख. नं.182 रकवा 0.31 हे. एवं ख.नं. 174 रकबा 0.07 हे. कुल रकवा 0.38 हे. भूमि आवंटित किया जाना आवेदित हुआ है 7 प्राप्त आवेदन के परीपेक्ष्य में आवेदित भूमि की स्थल जांच कराते हुये आवंटन हेतु उपलब्धता व उपयुक्तता का परीक्षण, स्थल जांच का संयुक्त पंचनामा, नजरी नक्शा, पटवारी नक्शे मे प्रस्तावित स्थल का लाल स्याही से चिन्हाँकन, मिसाल बंदोबस्त मे प्रश्नगत भूमि दर्ज की अवस्थिति व स्थानीय निकाय व संयुक्त संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश से अभिमत प्राप्त करते हुये म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 मे वर्णित नियम प्रावधानों एवं कार्यालय कलेक्टर महोदय, जिला सागर के पत्र क्रमांक 446/ रीडर-नजूल/2024 सागर, दिनांक 30.08.2024 में वर्णित निर्देश-अनुदेशों का पूर्णतः पालन एवं आर सी एम एस पोर्टल पर उपलब्ध भू-आवंटन मॉड्यूल का प्रयोग करते हुये विहित प्रक्रिया के अनुपालन मे कार्यवाही पूर्ण कर भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव, स्पष्ट अभिमत सहित यथाशीघ्र दिये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि उक्त संबंध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति अथवा आवेदन प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्तिकर्ता की आपत्ति अथवा आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**सागर, जिला सागर**

जी-12894/25

## सार समाचार

### दिगौड़ा में फिर लगा वाहनों का लंबा जाम, लोगों हो रही असुविधा





**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** कस्बा के बिजरावन तिगैला, बस स्टैंड और मुख्य बाजार में दिन में कई बार वाहनो का जाम लग रहा है, जिससे कई लोगों वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज शुक्रवार की शाम 6ञ्30 बजे कस्बा के बस स्टैंड पर बिजली कर्मचारियों द्वारा बिजली की केविल डालने का कार्य किया जा रहा था।

कर्मचारियों ने हाईवे सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया। ट्रैक्टर ट्राली काफी देर तक खड़ी रहने से बस स्टैंड से बिजरावन तिगैला व लिधौरा सड़क पर वाहनों का भारी जाम लग रहा। इस जाम में आज एंबुलेंस भी फंस गई जो बडी देर तक इस जाम से नहीं निकल पाई। वाहनों का जाम लगने से लोगों को पैदल निकलने में भारी असुविधा हुई। कई वाहन चालकों इस जाम में फंसे रहे, जिससे वाहनों में सवार लोगों को भी परेशानी हुई।

### विधायक प्रतिनिधि पर मारपीट का आरोप, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

# पिकअप चालक को पीटा, 40 हजार और गाड़ी छीनी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ में एक पिकअप चालक के साथ शराब के नशे में धुत लोगों ने मारपीट की। पीड़ित लक्ष्मी उर्फ गुबल्ले चौरसिया ने खरगापुर के विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह उर्फ पुस्सू राजा समेत 8-10 लोगों पर आरोप लगाया है। घटना शुक्रवार सुबह 9ञ्30 बजे की है। पीड़ित ने बताया कि आज सुबह वह मछली मंडी सुजानपुरा रोड पर नवनीत चौबे की पिकअप से आजाद खान की मछली पहुंचाने गया था। मछली खाली करने के बाद वह बर्फ लेने गया। इसी दौरान पुष्पेंद्र सिंह, अकलेश उर्फ रंगा रैकवार और उनके 8-10 साथी वहां पहुंचे।

आरोपियों ने लक्ष्मी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। उसके दोनों पैरों, हाथों, पीठ, सिर और कंधों पर वार किए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पिकअप वाहन और उसमें रखे 40 हजार रुपए भी छीन लिए। होश आने पर पीड़ित ने डायल 100 पर कॉल किया। पुलिस एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, लेकिन न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही मेडिकल जांच कराई। जब थाने में शिकायत दर्ज नहीं हुई तो पीड़ित ने एसपी दफ्तर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पर एसपी मनोहर मंडलोई ने थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इस मामले में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी रवि गुप्ता का कहना है कि लक्ष्मी चौरसिया नामक युवक सुबह थाने के बाहर बैठा था। कुछ लोगों से उसकी बात हो रही थी। इसके बाद वह शिकायत दर्ज कराए बिना ही चला गया था। पुलिस अधीक्षक दफ्तर पहुंचने के बारे में जानकारी नहीं है।

### 3 युवकों से जब्त किए कट्टे और पिस्टल

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले, पुलिस गिरफ्त में



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना देहात पुलिस द्वारा 12 मई को सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर अवैध हथियार के साथ पोस्ट करने वाले आरोपी जितेन्द्र अहिरवार निवासी ग्राम मजना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर अवैध हथियार जप्त किया गया था। उक्त अवैध हथियार के स्त्रोत के संबंध में आरोपी से सख्ती से पूछताछ की गई।

जिसकी निशानदेही पर अवैध हथियार विक्रय करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के नेतृत्व में 4 पुलिस टीमों का गठन किया गया । पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों अवधेश पिता हरप्रशाद अहिरवार ( 19 ) निवासी मांची थाना जतारा के कब्जे से 315 बोर का कट्टा एवं 1 जिदा कारतूस, आरोपी अभिषेक उर्फ अभी पिता शोभित चाबरिया (25) निवासी जतारा के कब्जे से 32 बोर पिस्टल एवं 2 जिंदा कारतूस,आरोपी प्रहलाद पिता रामस्वरूप बाल्मिक (32) निवासी कंजना थाना बमहोरी कलां के कब्जे से 1 बारह बोर का कट्टा एवं 1 जिंदा कारतूस जब्त कर सभी आरोपियों को मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता से थाना क्षेत्र जतारा से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियारों के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है एवं संदिग्ध स्थानों पर तलाशी, दबिश की कार्यवाही की जा रही है ।

इस कार्रवाई में निरीक्षक चन्द्रजीत यादव थाना प्रभारी देहात, उप निरीक्षक मयंक नगायच (साइबर सेल), सहायक उप निरीक्षक सीताराम यादव, प्रधान आरक्षक सतीष शर्मा, रहमान खान (साइबर सेल), सुनील राय, मनोज अहिरवार, विकास मिश्रा, आरक्षक अरविन्द निरंजन, अरवाज अली, और राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### यातायात व्यवस्था के मद्देनजर की कार्रवाई

# नप ने शुरू की अतिक्रमण हटाने की मुहिम, अवैध कब्जा हटाया



**पलेरा, देशबन्धु ।** नगर में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद ने मुहिम शुरू कर दी है। स्थानीय नगर में बीते शुक्रवार को मौके पर कार्यवाही के दौरान कई दुकानदारों ने तो स्वेच्छा से अपना अवैध कब्जा हटा लिया, लेकिन कुछ जगह विवाद की स्थिति पैदा होने पर निकाय ने सख्ती से अतिक्रमण हटाया। दरअसल नगर में तिराहे पर बेतहाशा अतिक्रमण से सड़कें संकरी हो गई थी।

खासकर उन प्रमुख मार्गों पर जहां यातायात का दबाव सबसे अधिक रहता है। अतिक्रमण से नगर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और दिन भर जाम की स्थिति निर्मित होती थी। इस संबंध में नगर वासियों ने नगर परिषद के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर कई बार शिकायत की है। इस पर नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की गई। इसके लिए बीते दिनों पूर्व नगर में मुनादी भी करवाई गई थी। बावजूद इसके शुक्रवार के दिन अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ जगह कर्मचारियों को विरोध का सामना भी करना पड़ा। जबकि कुछ लोगों ने स्वेच्छा से ही अमले के आने से पूर्व अपना अतिक्रमण हटा लिया था। हालांकि कुछ दुकानदारों ने अमले के जाने के बाद फिर से कब्जा जमा लिया है। जबकि कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ मुहिम रंग लाई है। अतिक्रमण दल के प्रभारी अरुण कुमार सोनी एवं चंद्रभान वाल्मीकि के अनुसार नगर में प्रमुख मार्गों व तिराहे पर अतिक्रमण करने वालों की बाढ़ आ गई है।

मैन सड़क पर चाट, चाऊमीन, पानी टिकिया के ठेले एवं तिराहे पर सब्जी एवं फलों के ठेले इसके अलावा शीतलामाता मंदिर मार्ग पर सबसे ज्यादा लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखे हैं। जिससे बाजार में दिनभर खरीदारी करने वालों के साथ ही यातायात दबाव बना रहता है। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों के साथ ही पैदल आवागमन करने वालों को भी रोज परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीते शुक्रवार को नगर परिषद के अतिक्रमण दल द्वारा निकाय की ओर से चिन्हित स्थान पर चूने की लाइन भी डाली जा रही है, ताकि दुकानदार उक्त लाइन के बाहर अतिक्रमण न करें।

इस संबंध में सीएमओ शिवि उपाध्याय ने कहा कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई थी, लेकिन स्थिति वापस जस की तस हो गई थी। अब इस बार फिर से सख्ती से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के बाद अगर कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ सख्ती से चालानी कार्रवाई के साथ-साथ समान जप्ती की भी कार्रवाई करेंगे।

### बुजुर्ग को मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, हुए घायल

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीरऊ में शादी का निमंत्रण कर पैदल घर जा रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। इस घटना में पीड़ित घायल हो गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीरऊ में 15 मई की रात 8 बजे पीड़ित बुजुर्ग भुवानी दास रजक उम्र 65 साल अपनी बहू राजकुमारी रजक के साथ गांव के बिंद्रावन यादव के घर शादी का निमंत्रण कर वापिस घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने पीड़ित बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस घटना में बुजुर्ग घायल हो गए। बुजुर्ग ने परिजनों के साथ इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार नापित ने बताया कि शिक्षकों की बहुत सारी समस्याओं को लेकर 16 मई को जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ को ज्ञापन दिया गया।

उन्होंने बताया कि शिक्षकों की बहुत सारी समस्याएं है जिनका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है इस संबंध में समय-समय पर समस्या निवारण शिविर भी लगाए गए हैं लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 टीकमगढ़ में 3 वर्षों से शिक्षकों को सातवें वेतनमान की चौथी एवं पांचवी किस्त का भुगतान भी नहीं किया और ना ही डीए एरियर्स का भुगतान किया है इसके साथ ही वहां पर कर्मचारी पंजी में वरिष्ठता के क्रम में शिक्षकों के नाम नहीं लिखा जा रहे हैं बल्कि संस्था में उपस्थिति दिनांक के आधार पर लिखे जा रहे हैं जो कि नियमानुसार नहीं है। नवनियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा समाप्त की जाने के संबंध में चरित्र प्रमाण पत्र जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी भी मैने किए जाना चाहिए और उनकी शीघ्र परिवीक्षा अवधि समाप्त की जाए ताकि उनको 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान हो सके । इस अवसर पर रविंद्र कुमार यादव , मुकेश सेन , रवि यादव , पुरुषोत्तम यादव , जयशंकर तिवारी , विष्णु अहिरवार, सहित शिक्षक उपस्थित थे ।

# यातायात पुलिस ने स्कूल बसों की वैधता को लेकर की व्यापक चेकिंग




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा उक्त प्रदेशस्तरीय अभियान में जिले में यात्री बसों एवं स्कूल बसों में सुरक्षा संबंधी जांच करने हेतु ट्रैफिक थाना एवं समस्त थाना ,चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है ।

इसी तारतम्य में गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल एवं सभी थाना प्रभारियों द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्कूल बसों एवं सवारी बसों/वाहनों की चैकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बैध परमिट, बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के साथ ही बसों की भौतिक स्थिति की भी जांच की गई।

यह अभियान निरंतर जारी रहेगा आगे सभी संचालित स्कूल बसों की भी जाँच की जाएगी। जाँच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सिरोंज न्यायालय से अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता के बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों और उनसे बचाव के बारे में बताया गया। उन्होंने छात्रों से संवाद किया और विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी रामबाबू कुशवाह और शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलह से टूट रहा था परिवार, थाने में काउंसलिंग कर बिखरने से बचाया




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा महिला थाना प्रभारी को पारिवारिक कलह,विवाद संबंधी आवेदनों पर सक्रियता एवं संवेदनात्मक कार्यवाही करते हुए आवेदक एवं परिजनों को बुलाकर आपसी समन्वय स्थापित करने पारिवारिक काउंसलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि टूटे परिवार को पुनः जोड़ा जा सके ।

इसी तारतम्य में महिला थाना में आवेदिका शोभा पति पुष्पेंद्र यादव निवासी प्रेमपुरा थाना बलदेवगढ़ हाल निवाड़ी धर्मपुरा थाना दिगोड़ा द्वारा अपने पति के विरुद्ध परेशान करने का आवेदन दिया था पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना से निरी. अनुमेहा गुप्ता द्वारा पीड़िता के पति एवं ससुराल पक्ष को थाने पर बुलवाकर दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को सुना जाकर उनके मध्य आपसी मनमुटाव को खत्म कर परिवार जोड़ने की उचित सलाह देकर प्रेम पूर्वक साथ में रहने हेतु प्रेरित करने पर दोनों पक्ष पति-पत्नी प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ रहने के लिए तैयार हुए दोनों के मध्य आपसी विवाद समाप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता , प्रधान आरक्षक अवधेश खटीक, महिला प्रधान आरक्षक नूरी, महिला प्रधान आरक्षक रामसखी द्वारा परिवार जोड़ने में अहम भूमिका रही ।

### हर ग्राम पंचायत में तालाब, नदी, कुएं और छोटी जल संरचनाओं की सफाई की जाएगी

# जल संरक्षण अभियान : जमडार नदी के घाटों पर किया सामूहिक श्रमदान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कुंडेश्वर की जमडार नदी में शुक्रवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था और सुदर्शन फाउंडेशन ने कुंडेश्वर मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। शाम 5 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जमडार नदी के कुंड और घाट की सफाई की गई।

संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया के निर्देशन और जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम किया गया। श्रमदान के बाद दिनेश कुमार उमरैया ने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए जल संरक्षण और वृक्षारोपण जरूरी है।

यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इस दौरान हर ग्राम पंचायत में तालाब, नदी, कुएं और छोटी जल संरचनाओं की सफाई की जाएगी। जल स्त्रोतों के आसपास वृक्षारोपण भी किया जाएगा। जन सहयोग से तालाबों की खुदाई भी की जाएगी। कार्यक्रम में शिवपुरी ग्राम पंचायत के सरपंच दिनेश खटीक, सचिव देवेंद्र यादव, चारपुआ की सरपंच शीला देवी अहिरवार, सचिव गजेंद्र अहिरवार और मिनौरा के सचिव ज्ञान सिंह यादव मौजूद रहे।

बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र लोकेंद्र सिंह कुशवाहा, पृथ्वीराज सिंह, मयंक मोदी और मुलायम सिंह यादव ने भी श्रमदान में हिस्सा लिया। सभी ने पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प लिया।

### रजिस्ट्री कराने आए युवक पर जानलेवा हमला



**सिरोंज, देशबन्धु।** शुक्रवार को तहसील परिसर के सामने भोपाल रोड पर छुरीबाजी घटना हो गई। जानकारी के अनुसार फरियादी असद खान रजिस्ट्री कराने तहसील आया था।

पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी जिबरान एवं मुद्ददीर द्वारा असद की कार का कांच फोड़कर उस पर छुरियों से हमला कर दिया। फरियादी असद कार से निकलकर जान बचाने के लिए न्यायालय परिसर में भागा और वहां स्थित थाना प्रभारी ने उसे पुलिस की गाड़ी बुलाकर उपचार के लिए राजीव गांधी चिकित्सालय पहुंचाया। असद ने पुलिस को बताया कि जिबरान की मां और मुद्ददीर की बहन मेरे साथ रह रही हैं। इसी बात को लेकर उन्होंने मुझ पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# आपात स्थितियों से निपटने दिया प्रशिक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ जतारा के मार्गदर्शन में सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र में आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु वॉलेंटियर नामांकित किए गए एवं उन्हें आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव की त्वरित कार्यवाही करने का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों का सार्थक उपयोग, आमजन की सुरक्षा करना है । इस दौरान आगजनी, भवन ध्वस्त होने, घायलों की सहायता एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की संपूर्ण प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा दैनिक रूप से वॉलेंटियरों का नामांकन किया जा रहा है एवं उन्हें आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही का अभ्यास एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

## सार समाचार

### वरिष्ठ नागरिक आश्रय ग्रह में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन व प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सचिव द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर उनके अधिकारों संबंधी विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना की जानकारी प्रदान कर फल का वितरण भी किया गया। इस दौरान किसी भी तरह की समस्या के निराकरण के लिए प्राधिकरण कार्यालय अथवा आश्रय गृह प्रबंधन को अवगत कराने की सलाह दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, आश्रय गृह की प्रशासिका डॉ. दुर्गा त्रिपाठी एवं समन्वयक मेघा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर की रोक के बाबजूद जनजाति छात्रावास के बाजू से चालू कर दिया पोस्टमार्डम गृह

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में कलेक्टर की रोक के बाबजूद पोस्टमार्डम गृह चालू होने से छात्रावासी छात्रों सहित वार्डवासियों में रोष का माहौल देखा गया चुकी वार्ड क्रमांक 9 में जहां पोस्टमार्डम गृह चालू किया वहां बाजू में कृषि विभाग का कार्यालय है वही सीनियर बालक जनजाति छात्रावास बिल्कुल सटा हुआ है साथ ही पोस्टमार्डम गृह छात्रावास की बाउंड्री बॉल के अंदर होने से छात्रावास के बच्चे डरे हुए है छात्रावास के बाजू से पोस्टमार्डम गृह बनाकर चालू करना प्रशासन की हठधर्मिता को दर्शाता है।

**कलेक्टर ने लगाई थी रोक:** उक्त पोस्टमार्डम गृह को चालू नहीं करने का आदेश कलेक्टर सुधीर कोचर ने 26 अक्टूबर 2024को कृषि विभाग के मिट्टी परीक्षण केंद्र के दौरान छात्रावास के छात्रों सहित छात्रावास अधीक्षक रोहित पिता सोनेलाल आदिवासी रसोइया अंगद ने शिकायत की थी छात्रावास के बाजू में पोस्टमार्डम गृह चालू नहीं किया जाये जिस पर कलेक्टर सुधीर कोचर ने रोक लगा दी थी। इसके बाबजूद दिनांक 16.04.2025 को पोस्टमार्डम गृह को चालू करना प्रशासन के नुमांइदों की लालफीताशाही और लापरवाही को दिखाता है। उक्त पोस्टमार्डम गृह अगर नहीं बंद किया तो छात्रावासी छात्र छात्रावास से पलायन कर सकते है। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

**इनका कहना है**

बिना जानकारी और कलेक्टर की मनाही के बाबजूद पोस्टमार्डम गृह चालू करने पर इसकी जांच करवाकर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी।

**सौरभ गंधर्व एसडीएम तेंदूखेड़ा**

### दर्जनों लोग विद्युत लाइन में सीधे तार डालकर कर रहे विद्युत का उपयोग विद्युत कर्मियों की आंखें बंद

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** जहां नगर और ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में विद्युत विभाग घर घर जाकर स्मार्ट मीटर लगा रहा है वही नगर के वार्ड नंबर 9 भाटरिया में कृषि कार्यालय के पास दर्जनों लोग सीधी विद्युत लाइन से कनेक्शन डालकर विद्युत का उपयोग कर रहे है। इस संबंध में वार्ड के लोगों का कहना था कि ये सब विद्युत कर्मियों की मिलीभगत से चल रहा है जबकि नगर सहित इसी वार्ड के लोगों के यहां विद्युत विभाग ने स्मार्टमीटर लगा दिए है और अगर बिल समय पर न भरने पर लाइट कनेक्शन कट जाता है और इसी वार्ड में वर्षो से दर्जनों लोग सीधे विद्युत लाइन में तार डालकर फी में विद्युत का उपयोग कर रहे कही विद्युतकर्मियों की मिली भगत तो नहीं ।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग का संदेश

**दमोह/हटा देशबन्धु।** सिविल अस्पताल हटा में आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मलेरिया निरीक्षक प्रदीप पनिका द्वारा एक रैली आशा कार्यकर्ताओं व स्टाफके साथ निकाल कर शपथ ली कि डेंगू रोग को हम फैलने नहीं होने देंगे। साथ ही संदेश दिया कि इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएंगे। डॉक्टर मनीष बहेरिया द्वारा बताया कि मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए नियमित घर के आसपास की सफाई,मच्छरदानी का उपयोग,मच्छर भागने के लिए आवश्यक उपाय किये जाएँ तो इस रोग से बचा जा सकता है। साथ ही मच्छरों के पनपने के स्थान जैसे कूलरों की,पक्षियों को पानी पीने वाले पात्रों की, पानी की टंकियां व स्थिर पानी के स्रोतों की नियमित सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करना चाहिए। इससे अनावश्यक परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा। शपथ अनिल अहिरवाल काउंसलर द्वारा सभी को दिलाई गई। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ,आशा सुपरवाइजर एवं मरीज, मरीज के परिजन उपस्थित रहे।

# 4 लाख लूटने के बाद शिक्षक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

◆ अंतिम कॉल में कहा था, 4 लोग घेर लिए हैं



**दमोह देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक शिक्षक की 4 लाख रुपये लूटने के बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ग्राम सुनवाहा के रहने वाले 47 वर्षीय राजेश कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है, जो प्राथमिक शाला ग्राम रसंदो में शिक्षक थे।

श्री त्रिपाठी एक शादी समारोह से लौटते समय पल्सर मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में हारट और बरोदा के बीच नहर के पास हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। रात 9:54 बजे मृतक ने अपने भाई को कॉल कर बताया, 4 लोगों ने घेर लिया है, फिर कॉल कट गया। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो राजेश गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में मिले। परिजनों ने तत्काल उन्हें हटा स्वास्थ्य केंद्र और उसके बाद जिला अस्पताल दमोह ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. मधुर चौधरी ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पेट्रोल की खाली बोतल बरामद हुई है। हालांकि मोटरसाइकिल को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जिससे साफ है कि हमलावरों का मकसद सिर्फ नकदी और हत्या करना था। मृतक के पास रखे 4 लाख रुपये लूट लिए गए, जो एक थैले में थे।

परिजन मुकेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक को पहले बेरहमी से पीटा गया और उसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। हटा पुलिस और कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और हत्या व लूट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने शिक्षा जगत और ग्रामीण अंचल में गहरा आक्रोश फैला दिया है। बागेश्वर धाम के शिष्य मंडल सहित लोग जिला अस्पताल पहुंचे है। पुलिस ने शव को फिलहाल को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना के सभी पहलुओं से बारिकी से जांच की जा रही है।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने वाले 40 शिक्षकों पर होगी एफआईआर

**दमोह देशबन्धु।** शिक्षा विभाग में किस तरह का फर्जीवाड़ा चल रहा है इसकी बानगी दमोह में देखने को मिल रही है. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा विभाग में नौकरी पाने वाले 40 शिक्षकों पर जिला प्रशासन ने एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं. शिकायतों के बाद सत्यापन के दौरान इन कर्मचारियों के दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं.

दरअसल शिक्षा विभाग में कई वर्षों से जमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों विरुद्ध के कुछ गोपनीय शिकायतें जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग सागर तथा राज्य शासन को मिली थीं। इसके बाद प्राथमिक शिक्षकों के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षकों के खिलाफ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर के द्वारा जांच की गई।

कलेक्टर ने कहा- डीईओ के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को मुकदमा दर्ज करने के लिए लिखा पूरे मामले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 40 शिक्षकों के विरुद्ध जो शिकायतें मिली थीं उनमें से 24 का सत्यापन हो गया है। जिन विश्वविद्यालय या संस्थाओं से इन्होंने शिक्षा प्राप्त की है, वहां से भी इनकी पुष्टि हो गई इनमें बहादुर लोधी माध्यमिक शाला जोरतला खुर्द की डीएड द्वितीय वर्ष की अंकसूची फर्जी पाई गई। इसी तरह दीप चंद्रपाल प्राथमिक शिक्षक जामुन की 2003 की बीएड अंक सूची फर्जी पाई गई. माध्यमिक स्कूल में पदस्थ रश्मि सोनी का मामला बड़ा अजीबोगरीब है. रश्मि सोनी की अंक सूची पर उसकी दूसरी बहन भी नौकरी कर रही थी।

दरअसल ये दोनों जुड़वा बहने होने के कारण एक ही अंक सूची पर दो अलग-अलग जगह नौकरी करती हुई पाई गई। इनकी सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में समाप्त कर दी हैं.। जबकि एक मामले में शिक्षक द्वारा डिग्रियां तो सही लगाई गई है लेकिन दिव्यांग का प्रमाण पत्र फर्जी प्रस्तुत किया गया है यह मामला भी जांच में है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में तेंदुआ शावक की मौत



**पन्ना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में परिक्षेत्र पन्ना बफर की झिन्ना बीट के कक्ष क्रमांक पी 282-283 की सीमा पर वन मार्ग में एक मादा तेंदुआ शावक का शव मिला है। मादा तेंदुआ शावक की आयु लगभग 4 माह बताई जा रही है। चिकित्सकों ने ऐसी आशंका जताई गई है कि मादा तेंदुआ शावक की मौत किसी अज्ञात बीमारी के कारण हुई है। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय से घटना के पांचवे दिन आज मिली जानकारी के मुताबिक विगत 12 मई को मृत तेंदुआ शावक का शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पार्क प्रबंधन को दी गई थी। सूचना पाकर परिक्षेत्र अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पूरे क्षेत्र की सर्चिंग कराई गई। क्षेत्रीय वन मंडल सतना के श्वान दल के द्वारा भी मौके की सर्चिंग की गई। उपरांत क्षेत्र संचालक एवं अन्य अमले की उपस्थिति में 13 मई को वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता एवं अजयगढ़ के पशु चिकित्सक डॉक्टर मोतीलाल प्रजापति के द्वारा मादा तेंदुए शावक का शव परीक्षण किया जाकर समस्त अंगों को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। प्रथम दृष्टया चिकित्सकों का मानना है कि तेंदुए शावक की मृत्यु किसी बीमारी से होना प्रतीत हो रही है। शावक के अंगों के सैंपल जांच हेतु शोध संस्थान में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत ही तेंदुआ शावक के मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा।

# फांसी के फंदे पर झूल कर युवती ने मौत को गले लगाया



**पन्ना, देशबन्धु।** पवई थाना अंतर्गत मुड़वारी ग्राम पंचायत के मजरा मोटे की मड़ैयन में गुरुवार की रात्रि एक युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के सभी सदस्य गांव में ही पारिवारिक शादी समारोह में व्यस्त थे घर में कोई नहीं था, रात्रि करीब 8:30 बजे रोशनी सिंगरौल पति शेष मणि सिंगरौल उम्र 31 वर्ष निवासी मोटे की मड़ैयन फांसी के फंदे पर झूल गई जिसकी तुरंत ही मौत हो गई। पति शेषमणि जब घर आया पत्नी को इस अवस्था में देख उसके होश उड़ गए थोड़ी ही देर में चीख पुकार मच गई, रोशनी ने यह कदम किस लिए उठाया फिलहाल कारण अज्ञात है। इस घटना की जानकारी पवई पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध संगठित षड्यंत्र, कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु।** सकल हिन्दू समाज दमोह के बेनरतले एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में बताया कि हाल ही में भोपाल के टीआईटी कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोड, इदौर में टेलीपरफॉरमेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड, रीवा के चिछिया बाने में विधमों के पुरे परिवार के द्वारा नाबालिग बचियरों को फैसाने का षड्यंत्र, सागर, दमोह का मामला, मोरेना में कंप्यूटर कोचिंग संचालक द्वारा बालिकाओं के साथ किये गए दुष्कृत्य का मामला, राजगढ़ का मामला साथ ही साथ पन्ना, छतरपुर, सागर ( गांव में ही समाज की 3 दमोह, रासिहपुर, सिंगरौली, मंडला, सिवनी, टीकमगढ़ (चन्देरा थाना में गाँव की 3) शहडोल, कटनी, जबलपुर, उमरिया हर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उजागर 'लव जिहाद' के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इन मामलों में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहां तक कि विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया, अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है।

यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं है; यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन अपराधों के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों पर आघात हो रहा है। सफल हिन्दू समाज संगठित रूप से विधर्मियों के द्वारा चलाये जा रहे संगठित अपराध सब जिहाद को समूल नष्ट करने और आरोरियों के मन में भय पैदा हो इसके लिए निम्न लिखित मांग करता है कि राष्ट्रीय जाच एजेंसी ही एकमात्र सक्षम संस्था है, जो इन अंतरराज्यीय व संगठित अपराधों की तह तक जाकर असाथियों के नेटवर्क को उजागर कर सकती है। अतः इस विषय में शीघ्र भारत सरकार से संस्तुति कर इन प्रकरणों को सौंपे। फोटो 2

# सरसों चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**पन्ना, देशबन्धु।** रैपुरा ।थाना पुलिस द्वारा सरसों की चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा एक फरारबताया जा रहा है दिनांक 26 अप्रैल को खरीदी केंद्र भरवारा कृषि उपज मंडी रैपुरा के प्रांगण में 10 क्विंटल सरसों 21 बोरी रखा हुआ था तथा उक्त स्थान पर चौकीदार सो रहा था रात्रि के समय चोर घुसे तथा 15 बोरी सरसों चुरा कर ले गए चौकीदार द्वारा शोर गुल सुना आवाज़ लगाई जब तक उक्त चोर बोरिया चुरा कर भाग गए सुबह मामले की शिकायत रैपुरा थाना में की गई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया थाना पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए योजना बनाई तथा 20 दिन बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक आरोपी अभी फरार है जिनआरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें नीलू उर्फ मुन्नू रैकवार इमारत लोधी भागीरथ रैकवार धर्मेंद्र रैकवार आदि को गिरफ्तार कर लिया है तथा मुकेश रैकवार अभी फरार बताया जा रहा है उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी रैपुरा तथा अन्य स्टाफ द्वारा सराहनीय कायवाही की गई।

# शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश आदि गुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती के पावन अवसर पर शासकीय पीजी कॉलेज, दमोह में व्याख्यान माला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आध्यात्मिक योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई।आदि गुरु शंकराचार्य का जीवन अद्वैत दर्शन और राष्ट्र चेतना का अद्भुत संगम' मुख्य वक्ता नरेंद्र दुबे ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। नवांकुर संस्थाओं से बबली विश्वकर्मा, सीमा जाट एवं जितेन्द्र सिंह राजपूत ने सक्रिय भागीदारी की। साथ ही परिषद के परामर्शदाता श्री राजकुमार सेन, भावना दुबे, राहुल खरे एवं श्री बृजेश सेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। 'युवाओं की सहभागिता और प्रेरणा' मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने शंकराचार्य जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक नेतृत्व के महत्व को समझा। आभार प्रदर्शन' कार्यक्रम के अंत में वंदना जैन, विकासखंड समन्वयक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं, छात्र-छात्राओं एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पटेरा नगर की जल प्रदाय परियोजना का लोकार्पण




**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले के पटेरा नगर में बहुप्रतीक्षित जल प्रदाय परियोजना का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमला रानी/ दुलीचंद अहीरवार, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम सिंह चौहान, समस्त पार्षदगण, परियोजना प्रबंधक पी.डी. तिवारी, ए.पी.एम हिमांशु अग्रवाल, उपयंत्री पुष्पेंद्र कुर्मी, तथा परियोजना निर्माणकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अधीन कार्यरत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है।

परियोजना के अंतर्गत पटेरा नगर के 2535 घरों को सीधे नल कनेक्शन से जोड़ा गया है, जिससे प्रत्येक घर तक अब शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की सुनिश्चित आपूर्ति संभव हो गई है। जल शुद्धिकरण हेतु नगर के निकट स्थित व्यारमा नदी से जल प्राप्त कर अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित जल शोधन संयंत्र के माध्यम से इसे साफकिया जा रहा है। लगभग 10000 की आबादी को लाभ पहुंचाने हेतु 45 किलोमीटर लंबी जल वितरण पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके साथ ही, 540 किलोलीटर क्षमता का ग्राउंड सर्विस रिज़र्वायर (ळैत) भी तैयार किया गया है, जिससे जल भंडारण की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित एजेंसियों का आभार व्यक्त किया और इसे नगर विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

## ग्रामीण केंद्र तथा प्रदेश सरकार की करोड़ों की योजनाएं सिर्फ दिखावा

# आदिवासी बस्ती पनारी ग्राम में भारी जल संकट 2 किलोमीटर दूर से नाले का पानी लाकर पी रहे



**पन्ना, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत गहरा के ग्राम पनारी के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं । यहाँ के निवासियों, खासकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए हर दिन एक कठिन और खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। लगभग दो किलोमीटर दूर जंगल में स्थित एक पनघट नाला गाँव के लोगों के लिए पानी का एकमात्र सहारा है। तपती धूप में, जब तापमान असहनीय स्तर पर पहुँच जाता है, पनारी की महिलाएं अपने सिर पर पानी के डब्बे रखकर इस दुर्गम रास्ते पर चलने को मजबूर हैं। यह रास्ता घने जंगल से होकर गुजरता है, जहाँ जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। जिस पनघट से उक्त महिलाएं पानी भरती हैं, वह जंगली जानवरों के पानी पीने का भी स्थान है, जिससे उनकी जान जोखिम में रहती है जहां एक और केंद्र साथ प्रदेश सरकार द्वारा घर-घर नल की टोटी से पीने का पानी देने की योजना चल रही है तथा जल निगम के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है सरकार की उपयुक्त योजना सिर्फ दिखावा साबित हो रही है दूसरी ओर सरकार द्वारा गंगाजल संवर्धन अभियान चला रखा है तथा उक्त अभियान के नाम पर भी करोड़ों रुपए पानी की तरह बनाया जा रहा है लेकिन वास्तविक लोगों को शासन की उक्त योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव-गांव हैंड पंप लगाने तथा नल जल योजना प्रारंभ करने के नाम पर करोड़ों रुपए का बंटाधार किया है उसके बावजूद लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ है पन्ना जिले में 5 वर्ष से जमें कार्य पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महेंद्र सिंह द्वारा शासन की योजना में करोड़ों का फर्जी वाडा किया है लेकिन उसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई इसी प्रकार ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया है । ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और स्थानीय अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पानी की कमी के कारण न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल मानवीय गरिमा का उल्लंघन है, बल्कि विकास के दावों पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है कि इक्कीसवीं सदी में भी लोगों को पीने के पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए इतना संघर्ष करना पड़ रहा है और अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देना चाहिए और पनारी गाँव में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि गाँव की महिलाओं और अन्य निवासियों को सुरक्षित और आसानी से पानी उपलब्ध हो सके, ताकि उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर पानी लाने के लिए मजबूर न होना पड़े। ग्राम वासियों शबनम सोमवती पूजा रूपेश जैन हेमवती रोशनी राजरानी आदि ने बताया कि पानी की बहुत बड़ी समस्या है हम लोग 2 किलोमीटर दूर जान लोखंड में डालकर नाला झरना से पानी लाने के लिए मजबूर है

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है तत्काल इस समस्या का हल करने का प्रयास करेंगे।।

**अशोक चतुर्वेदी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना**



# भारत माता के जयकारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

## सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बनाया, पूर्व सैनिक बोले, एक बार फिर पाकिस्तान को रौंदा

**सागर, देशबन्धु।** भारत की सुरक्षा के लिये नागरिक संगठन के तत्वावधान में शुक्रवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा म्युनिसिपल स्कूल से शुरू हुई जो तीनबत्ती पर सड़क पर बने पाकिस्तान के झंडे को रौंदते हुये कीर्ति स्तंभ, वन वे होते हुये पुनः म्युनिसिपल स्कूल पहुंची। तिरंगा यात्रा में शामिल लोग अनुशासन के साथ हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों व भारत माता के जयकारों के साथ चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। तिरंगा यात्रा के समापन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पहलगाम में जिस प्रकार से घृणित, कायराना हरकत करते हुये आतंकवादियों ने हमारे देश की बेटियों, बहनों और बच्चों के सामने उनके पिता, पति, भाई को सिर पर गोली मारकर निर्मम हत्या की थी। उस घटना ने देश के हृदय में बहुत गहरा घाव किया।

भारत की एकता अखंडता को विखंडित करके धर्म के नाम पर वातावरण बनाकर देश में गृह युद्ध छेड़ने का उनका नापाक मंसूबा था। इस घटना के बाद पूरा देश एकजुट होकर खड़ा है। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि हमारी देश की सेना ने जो दुश्मनों को धूल चटाने का काम किया है, उसके सम्मान में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में आपकी सहभागिता के लिये आपकी उपस्थिति के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं। इस दौरान पूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, सांसद लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक वीरेंद्र सिंह, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत समेत बड़ी संख्या में शहरावासी शामिल हुये।

## कनेरादेव पुल निर्माण में मजदूर की मौत से ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही उजागर



**सागर, देशबन्धु।** शहर के कनेरादेव पुल के निर्माण के दौरान 1 मजदूर की दर्दनाक मौत व 2 मजदूरों के घायल होने की घटना ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करती है। इस घटना के लिये जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारियों पर गैर इरादान हत्या का मामला दर्ज करते हुये मृतक मजदूर के परिजनों को 10 लाख व घायलों को 2-2 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाये। यह मांग जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने सरकार और प्रशासन से की है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक के घर के पास बन रहे पुल का विधायक द्वारा निरीक्षण करने के कुछ समय बाद ही उक्त दर्दनाक हादसा होने से यह साफ होता है कि ठेकेदारों द्वारा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व लापरवाही की जा रही रही है। इस घटना में विधायक की नाक के नीचे ही इतनी बड़ी लापरवाही हुई है तो अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार व लापरवाही का अंदाजा लगाना कठिन है। उन्होंने प्रभारी मंत्री से भी मांग की है कि सागर प्रवास के दौरान वे भी इस घटना को संज्ञान में लेकर पीड़ितों को आर्थिक सहायता व दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रशासन को दें।

**▸ कांग्रेस ने की पीड़ितों को मुआवजे की मांग**

## मजदूर की मौत पर परिजनों का चक्काजाम, आर्थिक सहायता की मांग



**सागर, देशबन्धु।** कनेरादेव मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का जाला गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। घटना से आक्रोशित परिजनों ने मोतीनगर चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। गुरुवार शाम करीब 7 बजे पुल का जाला गिरने से राकेश अहिरवार 36 समेत तीन मजदूर घायल हुये थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि ठेकेदार ने काम के दौरान कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिये थे। चक्काजाम की सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। नियमानुसार मृतक के परिवार की मदद और दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन माने। मोतीनगर टीआई जसवंत सिंह ने बताया प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## सांसद और विधायक ने बीटीआई कॉलेज सिरोंजा का किया भूमिपूजन



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय बीटीआई कॉलेज, सिरोंजा के प्रांगण में शुक्रवार को सांसद लता वानखेड़े, एवं विधायक प्रदीप लारिया ने 638 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन शासकीय बीटीआई कॉलेज के भवन का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर सांसद वानेखेड़ एवं विधायक लारिया ने अपने विचार व्यक्त किये। नये शासकीय भवन में ऑडिटोरियम, छात्रावास, शिक्षकों के लिये आवास एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान रखा गया है। भूमिपूजन के अवसर पर बीटीआई कॉलेज के प्राचार्य, समस्त स्टाफ तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## स्कूली पाठ्यक्रम में डॉ. हरीसिंह गौर की जीवनी शामिल करने, विवि भेजेगा प्रस्ताव



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की गई है, जिसके अंतर्गत डॉ. गौर की जीवनी को स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई गौर पीठ समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन सहित कई शिक्षाविद विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुये। बैठक में बताया गया कि स्कूली स्तर पर विद्यार्थियों को डॉ. गौर जैसे महान व्यक्तित्व से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल विद्यार्थियों में गौरव का भाव उत्पन्न होगा, बल्कि वे उनके योगदान से प्रेरणा भी प्राप्त करेंगे। कुलपति ने निर्देश दिया कि विवि के शिक्षक इस हेतु पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे, जिसे जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से राज्य शासन को भेजा जायेगा।

## पीली कोठी वाले बाबा का 3 दिवसीय 75 वां उर्स प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक कुतुब हजरत सैयद दाऊद मक्की चिश्ती साबरी रह. अलैह पीली कोठी वाले बाबा के 16 से 18 मई तक होने वाले तीन दिवसीय 75 वें उर्स के पहले दिन शुक्रवार को बाद नमाज मगरिब के दरगाह प्रबंध कमेटी, उर्स कमेटी और बाबा के श्रद्धालुओं, अकीदतमंदो के द्वारा पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश की जाकर नाते पाक, सलाम पेश किया जाकर तबर्रुख प्रसादी का वितरण किया। संदली चादर तहसीली तिराहे स्थित स्व. मदन बाबा के निवास से प्रारंभ हुई जो शहर गश्त कर पीली कोठी दरगाह पर पेश की गई। बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश होने के साथ ही तीन दिवसीय सालाना उर्स प्रारंभ हुआ और बाद नमाज इशां शरीफ हुई। पीली कोठी वाले बाबा के उर्स के आयोजक एवं पार्षद अब्दुल नईम खान ने बताया कि आज शनिवार को रात 9 बजे कब्बाली प्रोग्राम का उद्घाटन मुख्य अतिथिगण एवं उद्घाटनकर्ता, विशेष आमंत्रित अतिथिगणों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जावेगा। उद्घाटन कार्यक्रम उपरांत हिंदुस्तान के मशहूर फनकार गुलाम बारिश कब्बाल पार्टी और शीबा परवीन कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कब्बाली और गजलों का शानदार मुकाबला होगा। उर्स के आयोजक श्री खान ने बाबा के श्रद्धालुओं से अपील की है कि जिला व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न विभागों के पूर्ण सहयोग से सम्पन्न हो रहें उर्स में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर उर्स आयोजन को सफल बनायें। इस अवसर पर दरगाह प्रबंध कमेटी, उर्स कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में बाबा के श्रद्धालु मौजूद थे।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, चचेरे भाइयों की मौत

**सागर, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में ग्राम चनौआ के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार चचेरे भाइयों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाया। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया। मामले में गढ़ाकोटा पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नीरज उर्फ नीतू पिता दामोदर पटेल उम्र 45 साल निवासी तुलसीनगर वार्ड गुरुवार की रात अपने चचेरे भाई हेमंत उर्फ लालू पिता राधेश्याम पटेल उम्र 44 साल के साथ गढ़ाकोटा में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। दोनों बाइक से सागर से निकले। तभी गढ़ाकोटा से पहले ग्राम चनौआ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार चचेरे भाई उछलकर सड़क पर जा गिरे। घटना में नीरज और हेमंत की मौत हो गई। मृतक हेमंत और नीरज तुलसीनगर वार्ड के पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेता भैयन पटेल के भतीजे थे। चाचा भैयन पटेल ने बताया कि हेमंत और नीरज गढ़ाकोटा में बारात में शामिल होने के लिये बाइक से जा रहे थे। तभी चनौआ के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में दोनों की मौत हो गई। हेमंत के दो बच्चे हैं और नीरज का एक बेटा है।

## एसईएम तकनीक पर विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के उन्नत अनुसंधान केंद्र सीएआर में स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप एसईएम पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रो. श्वेता यादव की पहल पर किया गया, जिसमें कुल 32 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। सत्र की शुरुआत सीएआर प्रभारी डॉ. विवेक कुमार पांडे द्वारा संस्थान के परिचय एवं कार्यक्रम के महत्व को साझा करते हुये की गई। मुख्य वक्ता डॉ. अर्जुन अदित ने एसईएम तकनीक का इतिहास, सिद्धांत, सैम्पल की तैयारी और विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग पर गहन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह तकनीक सामग्री विज्ञान, इंजीनियरिंग, जैव विज्ञान और दवा उद्योग में व्यापक रूप से उपयोगी है। हैंड्स ऑन सत्र में श्री शिवप्रकाश सोलंकी द्वारा एसईएम के हार्डवेयर एवं सहायक उपकरणों का परिचय दिया गया। प्रतिभागियों को समूहों में बांटकर उन्हें सैम्पल तैयार करने, विश्लेषण करने और डेटा की व्याख्या करने का मौका दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. विवेक पांडे, शिवप्रकाश सोलंकी, सौरभ साह, आशीष चढ़ार, अरविंद चडार एवं चंद्रप्रकाश सैनी का तकनीकी सहयोग सराहनीय रहा।

## मंत्री शाह के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ गुरुवार को गांधी तिराहे पर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री के बयान की निंदा करते हुये उन्हें पद से हटाने और भाजपा से निष्कासित करने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता इंदर सिंह, नरेंद्र सिंह, मनोज कैथोरिया समेत कई नेता शामिल हुये। उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह ने देश की सुरक्षा से जुड़े मामले को अलग रूप देने की कोशिश की। यह मामला जाति और धर्म का नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बयान के दो दिन बाद भी प्रदेश सरकार ने मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने स्थानीय विधायक पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि जब विधायक ने भाजपा का दामन थामा था, तब वह कांग्रेस में महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर नाराज थी। लेकिन अब जब मंत्री कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में विवादित बयान दे रहे हैं, तब वह चुप हैं।

## क्षत्रिय समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास: लखन सिंह

**सागर, देशबन्धु।** जबसे मुझे क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तब से मैंने निरंतर बैठकों के माध्यम से समाजसेवा में आगे बढ़ने समाजजनों को और जागरूक करने का प्रयास किया है। कैसे हम सब मिलकर समाजहित में कार्य कर सकते हैं इसके लिये चिंतन व मंथन किया है। यह उद्गार सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम औरिया में आयोजित क्षत्रिय महासभा की बैठक को संबोधित करते हुये लखन सिंह ने व्यक्त किये। बैठक में सागर नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना को लेकर भी समाजजनों के साथ चर्चा की गई। गुरूवार को बण्डा एवं शाहपुर में भी क्षत्रिय महासभा की बैठकें आयोजित की गईं। लखन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे वंशज हैं, क्षत्रिय समाज का गौरव हैं। आने वाली 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती है और महाराणा प्रताप की जयंती को हम सब मिलकर भव्य रूप में मनायेंगे। बैठक में क्षत्रिय महासभा के युवा अध्यक्ष राहुल राजपूत चौरा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजनों, गणमान्य नागरिकों ने अपने सुझाव व विचार रखे। बैठक में ग्राम औरिया निवासी बृजेश सिंह दांगी की सुपुत्री आरजू सिंह दांगी द्वारा कक्षा 12वीं की परीक्षा में मप्र में 7 वां व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बेटी आरजू को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## स्टेशन पर टीसी ने की यात्रियों से मारपीट, बेटे के सामने पिता को पीटा



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर रेलवे टिकट चेकर्स की ओर से यात्रियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पिछले दो दिनों में तीन यात्रियों के साथ मारपीट की घटनायें हुईं। जीआरपी ने सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे अशोकनगर के पिपरई निवासी रनवीर लोधी अपने 15 वर्षीय बेटे अनुज के साथ सांची से बीना मेमू ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर तीन टीसी ने उन्हें रोका। टिकट दिखाने से पहले ही एक टीसी ने उन्हें धक्का दे दिया। रनवीर गिर गये और उनके सिर में चोट आ गई। इसी ट्रेन के यात्री अंकित श्रीवास्तव के पास टिकट नही था। वह जुर्माना भरने को तैयार थे। लेकिन टीसी ने उनसे मारपीट की और 1620 रुपये छीन लिये। एक दिन पहले मुंगावली निवासी प्रहलाद लोधी के साथ भी ऐसी ही घटना हुई। वह मंडीबामोरा जाने वाले थे, लेकिन नींद में बीना पहुंच गये। टिकट लेने के लिये स्टेशन के बाहर जा रहे थे। फुट ओवर ब्रिज पर टीसी ने उन्हें रोका और चैंबर में ले जाकर मारपीट की। प्रहलाद पुलिस में चयनित हैं और जुर्माना देने को तैयार थे। जीआरपी ने सभी पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। आरोपी टीसी के नाम अभी तक सामने नही आये हैं। जीआरपी थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जायेगी। स्टेशन प्रबंधन से ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## आंगनबाड़ियों में होगा पोषण, देखरेख मिलेगा पोषण परामर्श: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत जिले को कुपोषण मुक्त करने के नवाचार के रूप मे स्वयं सेवी संगठन की सहभागिता से आंगनबाडियों में बच्चों के वजन वृद्धि निगरानी एवं ऊंचाई, लंबाई की मासिक मॉनीटरिंग एवं गृह भेट के माध्यम से बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पोषण परामर्श के द्वारा पोषण जागरूकता बढाई जा रही है। कलेक्टर के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान फाउडेशन फार मदर एण्ड चाइल्ड हेल्थ इंण्डिया के द्वारा बाल विकास परियोजना सागर शहरी 01, सागर शहरी 02, सागर ग्रामीण 01, सागर ग्रामीण 02, जैसीनगर, केसली एवं बंडा के 495 केन्द्रों मे पोषण देखरेख एवं पोषण जागरूकता की अद्यतन प्रगति तथा आंगनवाड़ी ऐक्सेलरेटर के आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। बैठक में मासिक शारीरिक मापन अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों की सही ऊंचाई, लंबाई एवं वजन के मापन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही उन कार्यकर्ताओं पुरूस्कृत करने के लिये भी आदेशित किया गया जिनके द्वारा कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुये उत्कृष्ठ कार्य किया जाये। बैठक निर्देशानुसार पोषण स्तर मापन एवं पोषण ट्रेकर में ऐन्ट्री किये गये पोषण स्तर का सत्यापन आकस्मिक रूप से कलेक्टर स्वयं करेगे तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षकों द्वारा भी नियमित रूप से इसका सत्यापन किया जावेगा।

## स्कूल बस और यात्री बस संचालकों की बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर द्वारा स्कूल बस एवं यात्री बसों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही किये जाने के लिये दिये गये निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में यात्री बस स्कूल बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। यात्री बसों की चैकिंग के दौरान जो कमिया देखने में आ रही थी उन कमियों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये। जिनमें मुख्यत: आपातकालीन द्वार का भली भांति नहीं खुलना, आपातकालीन द्वार पर सीट लगा होना तथा चालक परिचालक का वर्दी में न होना के संबंध में निर्देशित किया। समस्त बस संचालकों द्वारा इस पर अपनी सहमति दी। यात्री बस संचालकों को निर्देशित किया कि वह स्वयं अपने वाहन का भौतिक निरीक्षण कर यह देखे कि वाहन में सुरक्षा संबंधी उपाय भली भांति कार्य कर रहे अथवा नहीं। समस्त बस संचालकों को 20 बिन्दुओं की चैक लिस्ट प्रदान की गई। स्कूल बस संचालकों को उच्चतम न्यायालय, कार्यालय परिवहन आयुक्त मप्र ग्वालियर के पत्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों की प्रतियां उपलब्ध कराई तथा उन्हें स्कूल बसों में अमल में लाने के लिये निर्देशित किया।

उक्त जारी निर्देशों में स्कूल बस संचालक स्कूल प्रबंधन बच्चों के माता-पिता एवं पुलिस परिवहन विभाग के दायित्व निर्धारित किये गये। स्कूल बस संचालकों द्वारा बताया गया कि 15 जून से स्कूल पुन: प्रारंभ होने वाले है तब तक उन्होंने निर्देशों के अनुसार स्कूल बसों में सुधार कार्य करा लेने का आश्वासन व सहमति दी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने उन्हें बताया कि स्कूल बसों से आने-जाने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी उपायों में कमी होने पर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जावेगा। 15 जून के पश्चात् स्कूली बसों की चैकिंग का अभियान चलाया जावेगा, यदि कोई भी स्कूल बस मोटरयान अधिनियम एवं प्रावधानों का उल्लंघन करते हुये संचालित पाये जावेगी तो ऐसे वाहनों के विरूद्ध विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## अजाक्स की लंबित मांगों के संबंध में उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया



**सागर, देशबन्धु।** मप्र अजाक्स के आव्हान पर पिछले कई वर्षों से कई न्यायोचित मांगों को शासन के सम्मुख रखा गया लेकिन उनमें से शासन द्वारा अधिकांश मांगों की पूर्ति नहीं किये जाने के कारण प्रांतीय आव्हान पर जिला स्तर पर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अजाक्स की प्रमुख लंबित मांगे जिसमें पदोन्नति में आरक्षण के लिये मनोज गोरकेला स्पेशल कौसिंल द्वारा तैयार पदोन्नति नियम का शीघ्र लागू करने। मप्र की वर्तमान स्थिति में बैकलॉग के लगभग 104500 रिक्त पदों की समय सीमा में आवेदन पत्र आमंत्रित कर वाक इन इंटरव्यु के माध्यम से पूर्ति करने। मप्र न्यायिक सेवाओं में सिविल जजो की भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग के लिये निर्धारित सेवाओं में सिविल जजो की भर्तिया मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जाये एवं न्यायिक सेवा में साक्षात्कार प्रक्रिया को समाप्त किया जाये अथवा यदि संभव न हो तो साक्षात्कार के अधिकतम 10 प्रतिशत अंक निर्धारित किया जाकर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाये तथा साक्षात्मकार में न्यूनतम अंक प्राप्त करने की शर्ते खत्म की जाये। उच्च पदों को प्रभार वरिष्ठता के आधार पर दिया जावे जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन सुनिश्चित किया जावे। आउट सोर्सिग प्रथा समाप्त कर नियमित नियुक्ति की जावे एवं विशेष परिस्थिति में लागू करना आवश्यक हो तो उसमें आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक छात्रवृत्ति प्रदाय की जावे। प्रत्येक ब्लॉक में 500 प्रत्येक तहसील में 1000, प्रत्येक जिले में 5000 प्रत्येक संभाग में 10 हजार एवं प्रदेश की राजधानी में 20 हजार छात्र की संख्या में छात्रावास खोला जावे। अन्य राज्यों की भांति लोकसेवकों के हित में पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जावे। नपा में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित व विनिमित कर्मचारियों को नियमित किया जावे। चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि नगर पालिकाओं को हर माह 1-2 तारीख तक भुगतान किया जाये जिससे कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा सके। पुरानी पेंशन बहाल किया जावे। ग्राम कोटवारों को जीवन यापन हेतु दी गई शासकीय भूमि का स्वामित्व दिया जाये। पंचायत सचिवों को विभाग में संविलियन किया जाये। सहा. सचिव, संविदा कर्मियों, विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों को नियमित किया जाये। ज्ञापन सौपने वालों में अजाक्स जिलाध्यक्ष चन्द्रभान रोहित, संभागीय महासचिव रामचरन अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरालाल चौधरी, राजू पामाखेडी, सतीश चौधरी, प्रदीप अहिरवार, हरिदास, रूपसींग, विवेक, चन्द्रशेखर घुरेटा एवं समस्त अजाक्स पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।